मध्यान भोजन : एक परिचय

कु. सांत्वना अग्रवाल
शोधकर्ता ग्रामीण विकास विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

मध्यान्ह भोजन योजना एक अत्यंत जनोपयोगी योजना है जो भारत सरकार तथा राज्य सरकार के समवेत प्रयासों से संचालित है भारत सरकार द्वारा यह योजना 15 अगस्त 1955 को लागू की गयी थी जिसके अन्तर्गत कक्षा 1 से 5 तक प्रदेश के सरकारी, परिषदीय, राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को 80 प्रतिशत उपस्थिति पर प्रतिमाह 03 किग्रा. गेहूँ अथवा चावल दिये जाने की व्यवस्था की गयी थी। किन्तु योजना के अंतर्गत छात्रों को दिये जाने वाले खाद्यान्न का पूर्ण लाभ छात्र को न प्राप्त होकर उसके परिवार के मध्य बांटा जाता था, क्योंकि पूर्व में पके–पकाये भोजन की व्यवस्था नहीं था। इससे छात्र को वांछित पोष्टिक तत्व कम मात्रा में प्राप्त होते थे। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 28 नवम्बर 2001 को दिये गये निर्देश के क्रम में प्रदेश में दिनांक 01 सितम्बर 2004 से पका–पकाया भोजन प्राथमिक विद्यालयों मे उपलब्ध कराने की योजना आरम्भ कर दी गयी है। इस योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2007–2008 मे प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् लगभग 1.94 करोड़ बच्चों को प्रतिदिन पका–पकाया भोजन विद्यालय मे दिया जाना प्रस्तावित है। 15 अगस्त 1995 में पहले देश के 2408 ब्लाकों में शुरू किया गया। वर्ष 1997–98 के अंत तक NPNSPE को देश के सभी ब्लॉकों में लागू कर दिया गया।

मध्यान्ह भोजन का उद्देश्य :–

1. प्रदेश के राजकीय, परिषदीय तथा राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त अर्द्ध प्राथमिक विद्यालयों ई.जी. एस.एवं ए.आई.ई. केन्द्रों में अध्ययनरत् बच्चों को पोष्टिक भोजन उपलब्ध करना।
2. पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा कर बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता विकसित करना।
3. विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ना।
4. प्राथमिक कक्षाओं में छात्रों में विद्यालय से रूकने की प्रवृत्ति विकसित करना तथा ड्राप आउट रेट कम करना।
5. बच्चों में भाई–चारे की भावना विकसित करना तथा विभिन्न जातियों एवं धर्मो के अन्तर को दूर करने हेतु उन्हें एक साथ बिठाकर भोजन करना ताकि उनमें अच्छी समझ पैदा हो।

केन्द्रीय सहायता के संघटक :– इस समय मध्यान्ह भोजन स्कीम राज्य सरकारों/संघ राज्यों क्षेत्र प्रशासनों को निम्नलिखित के लिए सहायता प्रदान करती है–

1. प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए 100 ग्राम प्रति बच्चा प्रति स्कूल दिवस की दर से और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए 150 ग्राम प्रति बच्चा प्रति स्कूल दिवस की दर से भारतीय खाद्य निगम के निकटस्थ गोदाम से निःशुल्क खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) की आपर्ति केन्द्र सरकार भारतीय खाद्य निगम को खाद्यान्न की लागत की प्रतिपूर्ति करती है।
2. 11 विशेष श्रेणी वाले राज्यों (अर्थात् अरूणांचल प्रदेश, असम, मेद्यालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और त्रिपुरा) के लिए दिनांक 01/12/2009 से इनमें प्रचलित पी.डी.सी. दरों के अनुसार परिवहन सहायता 1 अन्य राज्यों तथा संघ राज्यों क्षेत्रों के लिए 75/– प्रति क्विंटल की अधिकतम सीमा के अधीन भारतीय खाद्य निगम से प्राथमिक स्कूल तथा खाद्यान्न के परिवहन में हुई वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति।
3. दिनांक 01/12/2009 से भोजन पकाने की लागत (श्रम और प्रशासनिक प्रभार को छोड़कर) प्राथमिक बच्चों के लिए 2.50 रूपये की दर से और उच्च प्राथमिक बच्चों के लिए 3.75 रूपये की दर से प्रदान की जाती है और दिनाक 01/04/2010 तथा दिनांक 01/04/2011 को इसे पुनः 7.5 प्रतिशत तक बढ़ाया गया। 1 जुलाई 2016 से इन

दरों में फिर से परिवर्तन किया गया है और परिवर्तित दरें नीचे दी गई है। भोजन पकाने की लागत की केन्द्र और पूर्वोत्तर राज्यों के मध्य हिस्सेदारी 90:10 के आधार पर है और अन्य राज्यों/संघ राज्यों के साथ 60:40 के आधार पर वहन की जाएगी। तदनुसार केन्द्र की हिस्सेदारी और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की न्यूनतम हिस्सेदारी वर्ष 2016–17 के लिए इस प्रकार है–

स्तर	प्रति भोजन कुल लागत	1 जुलाई 2016 प्रति बालक प्रति स्कूल खाने बनाने के खर्च गैर पूर्वोतर राज्य (60. 40)		पूर्वोत्तर राज्य (90:10) केन्द्र राज्य
		केन्द्र	राज्य	
प्राथमिक	4.135	2.485	1.655	3.725 0.415
उच्च प्राथमिक	6.185	3.715	2.475	5.565 0.125

भोजन पकाने की लागत में दालों सब्जियों, भोजन पकाने के लिए तेल और मिर्च–मसालों, ईधन इत्यादि की लागत शामिल है।

4. पूरे देश में किचन–कम–स्टोर के निर्माण की प्रति विद्यालय 60,000 रूपये की एक समान दर के स्थान पर दिनांक 01/12/2009 से निर्माण लागत की कुरसी क्षेत्र मानदण्डों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रचलित राज्य अनुसूची दरों के आधार पर निर्धारित किया जाना है। किचन–कम–स्टोर की निर्माण लागत की हिस्सेदारी केन्द्र और पूर्वोत्तर राज्यों के मध्य 90:10 आधार पर तथा अन्य राज्यों के साथ 60:40 के आधार पर की जाएगा। इस विभाग ने दिनांक 31/12/2009 के अपने पत्र 01/01/2009 + डेस्क (ए.डी.एम.) के जरिए 100 बच्चों तक स्कूलों में किचन–कम–स्टोर के निर्माण हेतु 20 वर्ग भी का क्षेत्र निर्धारित किया है। प्रत्येक अतिरिक्त 100 बच्चों तक के लिए 4 वर्गमीटर अतिरिक्त कुरसी क्षेत्र जोड़ा जाएगा। राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों को अपनी स्थानीय दशाओं के आधार पर 100 राज्यों के स्लैब को संशोधित करने का अधिकार होगा।

5. 5000 रूपये प्रति विद्यालय की औसत लागत के आधार पर किचन के सामान प्राप्त करने के लिए सहायता दी जाती है। किचिन के सामान में निम्नलिखित शामिल है– भोजन पकाने का सामान (स्टोव, चूल्हा, इत्यादि) खाद्यान्न और अन्य सामान को स्टोर करने के लिए कंटेनर भोजन पकाने और वितरित करने के बर्तन।

6. दिनांक 01/12/2009 से रसोइयें–कम–सहायक को प्रदान किए जाने वाले मानदेय की 100 रूपये प्रतिमाह करना और 25 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में एक रसोइये–कम–सहायक, 26 से 100 विद्यार्थी वाले विद्यालयां में दो रसोइये–कम–सहायक और अतिरिक्त रसोइये–कम सहायक की नियुक्ति करना। रसोइये– कम सहायक को प्रदान किए जाने वाले मानदेय के लिए केन्द्र सरकार और राज्यों के मध्य हिस्सेदारी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10 तथा अन्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 75:25 के आधार पर होगी।

7. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए इस स्कीम के प्रबंधन, अनुवीक्षण तथा मूल्यांकन (एम.एम.ई.) के लिए सहायता (क) खाद्यान्न (ख) परिवहन लागत और (ग) भोजन पकाने की लागत (च) रसोइया–सह–सहायक को मानदेय के लिए कुल सहायता का 1.8 प्रतिशत (क) खाद्यान्न (ख) परिवहन लागत और (ग) भोजन पकाने की लागत (घ) रसोइया– सह–सहायक को मानदेय की कुल

सहायता तथा मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

अद्यतन स्थिति :– गैर सरकारी संगठनों को (NGO) आउट सोर्स करना– शहरी क्षेत्रों में विद्यालय प्रांगणों में जहाँ गैर सरकारी संगठनों/ट्रस्टों/केन्द्रीकृत रसोइयों जो कि बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने में संलग्न है, के लिए रसोई–सह भंडार के लिए स्थान नहीं है। इस महत्वपूर्ण योजना में मिड डे मील की आपूर्ति को गैर सरकारी संगठनों को (NGO) आउट सोर्स किया गया है मिड डे मील के दिशा निर्देश पंचायतीराज संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों, माता संगठनों और स्थानीय समाज की सहायता से मिड डे मील को रसोइये–सह–सहायक की सहायता से स्कूल के रसोई–सह–भंडार में पकाने पर जोर देते है। वर्तमान संगठन संलग्न है। इस कार्यक्रम में काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों की सबसे ज्यादा संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में क्रमशः 185 और 102 है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत संलग्न गैर सरकारी संगठनों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्ड के संबंध में एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि मिड डे मील दिशा निर्देश के अनुसार संलग्न गैर सरकारी संगठनों के मानदण्ड निम्न प्रकार है–

1. गैर सरकारी संगठन को आपूर्ति कार्य आवंटित करने का निर्णय सरकार द्वारा अधिकारित संस्था लेगी जैसे ग्राम पंचायत, वी.ई.सी/एस.एम.सी/पी.टी.ए., म्युनिसिपल कमेटी/कॉरपोरेशन आदि। एजेंसी को सोसायटी एक्ट के तहत अथवा सार्वजनिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत होना चाहिए और यह कम से कम पिछले दो वर्षो से अस्तित्व में होना चाहिए। इसके पास सामूचित रूप से गठित प्रबंधक/प्रशासकीय ढ़ांचा होना चाहिए, जिसके कार्यो और अधिकारों इसके संविधान से स्पष्ट उल्लेख हो।

2. गैर सरकारी संगठनों और स्थानीय निकाय के मध्य होने वाले अनुबंध/समझौते में पक्षों का उत्तरदायित्व और प्रदर्शन न करने पर उनके प्रतिफल परिभाषित होने चाहिए। बच्चों के लिए गैर–सरकारी संगठन द्वारा आपूर्ति किए जा रहे भोजन की मात्रा और गुणों की जांच और निरीक्षण की सरल व्यवस्था का होना भी इसमें शामिल होना चाहिए।

3. चयनित मिड डे मील आपूर्तिकर्ता बगैर किसी लाभ के आधार पर आपूर्ति करेगा और कार्यक्रम अथवा उसके किसी सहायक हिस्से का उप ठेका किसी अन्य को नहीं सौंपेगा।

4. इस प्रकार की मिड डे मील योजनाओं में संलग्न गैर सरकारी संगठन के प्रदर्शन का मूल्यांकन प्रत्येक वर्ष एक विश्वसनीय मूल्यांकन व्यवस्था के माध्यम से होना चाहिए। गैर सरकारी संगठन के साथ हुए समझौते का अगले वर्ष के लिए नवीनीकरण वर्तमान वर्ष में उसके प्रदर्शन के संतोषजनक पाए जाने पर निर्भर होना चाहिए।

मध्यान्ह भोजन योजना का नवीनीकरण :– बारहवीं योजना के दौरान माध्यान्ह भोजन योजना (MDMS) का निम्न प्रकार से सुधार करने का प्रस्ताव है–

1. मध्यान्ह भोजन योजना का जनजाति, अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक बहुल जिलों के गैर–सहायता प्राप्त निजी स्कूलों में विस्तार।

2. प्राथमिक विद्यालयों की परिसरों में स्थित पूर्व–प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए भी इस योजना का विस्तार। मौजूदा घटको ंया स्कूलो के लिए सहायता के तौर तरीकों का संशोधन।

3. उत्तर पूर्वी प्रदेश (NER) को छोड़कर अन्य राज्यों के लिए माल वहन सहायता का संशोधन इसका 75 रूपए प्रति क्विन्टल की मौजूदा सीमा को बढ़ाकर 150 रूपया प्रति क्विन्टल की गई है।

4. वर्ष 2013–14 और 2014–15 के दौरान रसोइए सहायकों का मानदेय 1000 रूपये से बढ़ाकर 1500 रूपया और वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के दौरान रसोइया–सहायक का मानदेय 2000 रूपये प्रति माह किया गया है।

5. खाद्यान्न लागत, खाना पकाने की लागत, माल वहन सहायता तथा रसोइया सहायक को मिलने वाले मानदेय के लिए कुल पुनरावर्ती केन्द्रीय सहायता के तीन प्रतिशत की दर से प्रबंधन निगरानी और मूल्यांकन दरों का संशोधन।

6. नए स्कूलों के लिए किचन की बर्तन खरीदने और हर पांच साल बाद किचन के बर्तनों को बदलने के लिए 15000 रूपये प्रति स्कूल की दर से केन्द्रीय सहायता की पद्धति का संशोधन/सहायता की यह राशि केन्द्र और राज्यों के बीच 60:40 के अनुपात से

और उत्तर –पूर्वी प्रदेश के राज्यों में 90:10 के अनुपात से वहन की जाएगी।

UNICEF, An Analysis of the Situation of children in India, Draft Report, 1981.

Food Aid to Education and Training, WFP, Rome, 1970.

Right to Adeqtiate Food as a Human Right, Centre for Human Rights, United Nations, New York, 1989.

The World Health Organisation, the United Nations, 1946.

UNDP, Human Development Report, 2005, New York.

UNICEF, Statistical Profile of Children and Youth in India, November 1975.

युवाओं के बदलते प्रतिमान

रजनीश बाजपेई
इन्दौर

प्रस्तावना :– भारत का युवा अब वैसा नहीं रहा जैसा कि वह दो दशक पहले हुआ करता था। हालांकि इससे पहले भी युवा ऐसा नहीं था कि उसे आदर्श कहा जाए फिर भी भारतीय होने की भोली–भाली गंध उसमें अवश्य थी। उस समय हम ऐसे मोड़ पर खड़े थे जहां से भारत के भारत बनने की संभावनाएं अब से कहीं ज्यादा थीं। इससे पहले इस देश का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि राजाओं के आपसी वैमनस्य और विदेशी शासकों के कारण यह देश अपने सामूहिक उद्देश्य को लेकर आगे नहीं बढ़ सका, जिसके लिए इस भारत भूमि का धरा पर अस्तित्व था। हम स्वतंत्रता के साथ उगे नए सूरज की अगवानी करने में असमर्थ रहे। अंग्रेज हमें दोयम दर्जे का अंग्रेज बनाकर चले गए। वैश्वीकरण से उत्पन्न परिस्थितियों ने रही सही कसर पूरी कर दी। इसने भारतीय समाज व्यवस्था की नींव को हिलाकर कर रख दिया। समय के साथ समायोजन का प्रयास करता भारतीय समाज वैश्वीकरण और इससे उत्पन्न अनेक दुख–सुख अपनी छाती में समाए हैं। पर इसके दुष्परिणाम ही ज्यादा कहे जा सकते हैं क्योंकि वैश्वीकरण ने एकाकी संस्कृति को विकसित किया जिसके साथ भारत की भाईचारे की उत्सवपूर्ण संवेदनात्मक संस्कृति को धक्का लगा।

छुईमुई भारतीय स्त्रियों की जगह स्वयं को पुरूष से किसी भी मामले में कम न मानती हुई मर्दनुमा औरतों ने ले ली जिन्होंने स्त्री होने के अर्थ को कभी समझा ही नहीं बल्कि स्त्री की छवि उनके मन में दबी–कुचली दीन–हीन अबला की बनी रही। उनके तर्को से एक ही बात निकली कि भारतीय संस्कृति ने स्त्री को सिर्फ छला ही है। वह स्त्रीत्व के उस मान को नहीं समझ सकीं। पुरूष तो सदैव बचकाना है जबकि स्त्री के उपर इसे सही राह दिखाने की जवाबदारी हमेशा इस संस्कृति का हिस्सा रही है। ऐसे अनेक इतिहास पुरूषों से जिन्होंने इस धरा को अपने अहं प्रदर्शन का रंगमंच बना लिया, उनकी स्त्रियों के गरिमापूर्ण आख्यानों से भारतीय संस्कृति का इतिहास भरा पड़ा है। नारी की गरिमा सदैव पुरूषों से उपर रही है क्योंकि पुरूषार्थ कितना भी समर्थशाली हो, जन्म किसी स्त्री की कोख से ही लेता है। काश ! अपनी उस गरिमा को नारी फिर से समझ सके और पुरूषों से होड़ न कर अपनी स्वयं की स्वतंत्र गरिमा और अस्तित्व को पहचाने जिसे मापने का पैमाना किसी भी हालात में पुरूष नहीं हो सकता। वैश्वीकरण की आंधी ने भारत का जो नुकसान किया है उसमें एक बड़ा नुकसान यह भी है कि हम बेसहारा हो गए। सभी के लिए विश्रामस्थली और जीवन को समझने के स्थल के रूप में मशहूर रही परिवार संस्था ही खत्म होने की कगार पर पहुंच गई। पुरूषों के आदर्शो पर चलती वैश्विक स्त्री परिवार के आदर्श ठुकरा रही है। भारतीय संस्कृति की आत्मनिर्भर परिवार और कुटुम्बों की अवधारणा संयुक्त परिवार के समापन की प्रक्रिया के साथ विलोपित हो रही है। संयुक्त परिवार में बेपरवाह रहने वाला युवा आज अपने सारे जीवन की जवाबदारी स्वयं के मासूम कंधों पर महसूस कर उसके बोझ से दबा जा रहा है। उसकी हंसी खो गई है। अत्याधिक तनावयुक्त वातावरण में नई वैश्विक बीमारियां सामने आ रही हैं जिनमें डिप्रेंशन तो आज एक वैश्विक समस्या है जिसमें व्यक्ति आत्महत्या जैसे घातक कदम तक उठा लेता है। व्यक्ति तो बिल्कुल एकाकी हो गया लेकिन अपनी हर आवश्यकता के लिए बाजार पर निर्भर हो गया। एक परावलम्बन की संस्कृति इसी वैश्वीकरण की वजह से पनपी। अमेरिका में हो रहे परिवर्तन भारतीयों को भी प्रभावित करने लगे।

बदले प्रतिमान :– पहले भारत गांवों का देश था और हर गांव अपने आप में स्वतंत्र राज्य था। आज विकसित होती महानगर संस्कृति में आदमी भले ही अकेला है पर अपनी छोटी–छोटी आवश्यकताओं के लिए दूसरे पर निर्भर है। जीवन कितना विविध होता है काश ! इसको हम इसकी संपूर्णता में स्वीकार कर सकने का साहस कर पाते। इसे हमेशा समय की ही विडम्बना कहेंगे कि हम किसी भी स्वरूप के या तो सकारात्मक पक्ष ही देखते हैं या नकारात्मक। जबकि जीवन ऐसा नहीं है। जीवन तो पूरा है जिसमें सकारात्मकता और नकारात्मकता दोनों समाई है। जीवन विज्ञान का खोजने का जिम्मा इस देश के उपर

था जिसके क्रम को आगे बढ़ाने की जवाबदारी इस युग पर थी। पर चमत्कार को नमस्कार के चक्कर में जीवन के असली अर्थ ही खो गए। हवा में उड़ते हवाईजहाजों और खड़–खड़कर बिना किसी मानवीय सहायता के रूपया गिनती एटीएम मशीनों ने युवा पीढ़ी को विस्मृत कर दिया। हम मुरीद हो गए उनके जिन्होंने इनकी रचना की थी। निश्चित रूप से यह चमत्कारिक था लेकिन इससे ज्यादा चमत्कारिक नहीं कि सूरज कैसे अपने समय पर रोज आ जाता है, जिन्दगी भर हाय–हाय मचाने वाला मनुष्य मरने के बाद आखिर कहां चला जाता हैं। इस देश की कथाएं जीवनपार अलौकिक बातों से भरी हुई है। मानवता के चरम आश्चर्य इसी देश में घटे। लेकिन इस तल पर हमारी युवा पीढ़ी कोई चमत्कार नहीं देख सकी। वे युवा जो भारत की ऋषि परंपरा को आगे बढ़ा सकते थे वे पश्चिम के विलासितापूर्ण जीवन को अपना आदर्श बना बैठे। वे युवा जो ऋषि हो सकते थे, शराब के नशे में चूर सड़क दुर्घटनाओं में अपना अनमोल जीवन गंवाने लगे। दूसरों की बनाई गाड़ियों की तेजगति में युवा अपनी महानता के किस्से गढ़ने की कोशिश करने लगा।

युवा किसी भी राष्ट्र के कर्णधार हैं, उसके भावी निर्माता हैं। आने वाले समय में युवा अपनी विविध भूमिकाओं से रा''ट्र को प्रभावित करते हैं। शिक्षक, वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, साहित्यकार, कलाकार और शासक–प्रशासक रहते हुए वह देश की नीतियों को प्रभावित करते हैं। इसके लिए उनके उपर अपनी सम्यता, कला एवम् ज्ञान की परम्पराओं को मानवीय संवेदनाओं के साथ आगे ले जाने का गहरा दायित्व होता है। पर इसके विपरीत यही युवावर्ग उन परंपरागत विरासतों का वाहक बनने से इंकार कर दे तो निश्चित ही किसी राष्ट्र का भविष्य खतरे में पड़ जाता है। युवा शक्ति जब तक सकारात्मक रूप में है तो सही है, पर नकारात्मक स्वरूप में विध्वंसात्मक बन जाती है। ऐसे में यह जानना आवश्यक हो जाता है कि आखिर क्यों युवाशक्ति का सकारात्मक इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है जिसके लिए अकेले युवा को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। युवाओं में नकारात्मक बदलावों के लिए व्यवस्था द्वारा उत्पन्न परिस्थितियां भी जिम्मेदार हैं जो युवाओं में उचित–अनुचित का विवेक तक उत्पन्न नहीं कर पा रही है। कुछ विद्वानों के अनुसार 30 वर्ष की उम्र तक एक व्यक्ति का व्यक्तित्व अस्थिर होता है। वह कई तरह के दबावों, संकटों, संभावनाओं, आकांक्षाओं और प्रेरणाओं के बीच से गुजरता हुआ अपने चित्त में स्थिर होने की कोशिश करता है। इस अवस्था में युवाओं को संभालना किसी राष्ट्र का कर्तव्य होता है तभी युवा उसके नाम, उसके आदर्शो और उसकी विरासतों को आगे ले जाने की अपनी जवाबदारी को समझने में सक्षम हो पाते है।

भारत में अभिवादन का महत्व रहा है। वाकई में अभिवादन की जैसी परंपरा हमारे देश में रही है वैसी परंपरा या संस्कृति दुनिया के किसी भी देश में नजर नहीं आती। अपनों की या अपने जानने–पहिचानने वालों की तो छोड़िए, किसी अजनबी के प्रति भी परमात्मा सी श्रद्धा इस देश की हवाओं में व्याप्त थी। आज भी गांवों या सुदूर अंचलों में यह परिपाटी व्याप्त है। लोग अपनी–अपनी बोलियों, भाषाओं और रीति–रिवाजों के अनुसार मिलने–जुलने वालों का अभिवादन करते हैं। 'जय रामजी' जैसे जुमले आज भी यदा–कदा सुनने को मिल जाते है लेकिन आधुनिक संस्कृति की बदलाव की बहती बयार ने हमारी इस गौरवशाली परंपरा को भी कहीं गहरे तक प्रभावित कर दिया है।

'प्रातःकाल उठ के रघुनाथा। मात–पिता गुरू नावहिं माथा।।' तुलसी की ये चौपाई जो कभी भारतीय युवाओं के सुबह उठते ही व्यवहार तय करने के पैमाना थी। आधुनिक युग में पैमाना पुराना पड़ चुका है। भले ही वैश्वीकरण के पहले के युवा भी ऐसा कम ही करते रहे हों पर ये बातें भारतीय परिवारों की शिक्षा का विषय होती थीं। गुरूओं, बुजुर्गो और पारिवारिक प्रतिमानों में भी बदलाव परिलक्षित हो रहे हैं। भले ही बदलाव प्रतिशत में कम हों पर युवाओं का रूझान स्पष्ट रूप से इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि भविष्य इन्हीं बदलावों का साथ देगा। बुजुर्गो से मिलकर उनके चरणस्पर्श करने वालों का प्रतिशत 42 है पर इस पीढ़ी के साथ यह पूरी तरह समाप्त हो सकता है क्योंकि ये सांस्कृतिक विरासतें अब शिक्षा और संस्कार का विषय नहीं है।

पुराने भारतीयों के जीवन में सुबह से ही स्नान पूजन की जो महत्ता रही है अब नहीं रही। आज का 90 प्रतिशत युवा यह स्वीकार कर रहा है कि सुबह उठकर अपनी दयनंदिनी में योग और स्नान पूजन शामिल करना आज उसके बस की नहीं है।

40 प्रतिशत युवा गणतंत्र दिवस को साधारण अवकाश की तरह मानते है। मात्र 40 प्रतिशत युवा ही

इस दिन स्वयं में कुछ स्पंदन सा महसूस करते है और राष्ट्रीय धर्म को निभाते हुए किसी समारोह के माध्यम से इस पर्व की खुशी मनाते हुए शहीदों के प्रति श्रद्धांजली व्यक्त करते हैं। भगतसिंह जैसे वीरों को उनके जन्मदिन के अवसरों पर भी याद नहीं किया जाता। राष्ट्र के असली हीरो शहीदों को विस्मृत कर हम पर्दे के अभिनेताओं को हीरो मान बैठे हैं। उसी का असर वैश्वीकरण के बाजार पर दिख रहा है मीडिया रोज ये भारी भरकम जगह घेरते हैं। क्या सोचते हैं युवा, अतिथियों के विषय में सार्वजनिक स्थलों पर प्रेम के इजहार के विषय में युवाओं की नजर में शिक्षा के मायने के मायने क्या हैं? गुरूः विष्णु गुरूः देवो महेश्वरः के देश में अब एक अलग संस्कृति पसार रही है। गुरू के सम्मान की घटती प्रवृत्ति का ही संकेत है कि आज उन्हें पैसे के लिए कार्य करने वाला एक साधारण व्यक्ति माना जाने जगा है। 10 प्रतिशत युवाओं ने ऐसी ही राय दी। 12 प्रतिशत ने गुरू को एक मित्र से अधिक दर्जा देने से इंकार कर दिया। हालांकि 62 प्रतिशत के लिए अभी भी गुरू ब्रह्म है पर इतना कहा जा सकता है कि वैश्वीकरण की हवा ने शिक्षातंत्र को बुरी तरह हिला दिया है।

अर्थ के, राजनीति, भारत, साम्प्रदायिकता, मीडिया, भारत की वर्तमान नीतियों, भारतीय संस्कृति पुनर्जन्म, रामसेतु, वृद्धों के और भारत के अनाक्रमण संबंधी इतिहास के विषय में युवा क्या सोचता है ? सामान्य जनजीवन में युवाओं का निजी व्यवहार पहले के युवाओं से बिल्कुल बदला हुआ है, युवाओं के बीच शराब एक आम चलन में शामिल हो चुकी है। द इंडियन एंटी एल्काइन सोसायटी के सहयोग से एचोसेम ने दिल्ली, मुंबई, गोवा, चेन्नई, पटना, पुणे, हैदराबाद, बंगलुरू, कोचीन, चंडीगढ़ में तीन हजार छात्रों के सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष बताया। रिपोर्ट के अनुसार अब महिलाएं भी शराब की लत की चपेट में है। युवा लड़के सप्ताह में औसतन 12 पैग या छह बीयर के बराबर मदिरा का सेवन कर रहे हैं। अन्य शहरों की अपेक्षा दिल्ली के युवा शराब पीने के मामले में युवा 20 फीसदी आगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण युवा अपनी आय का 26 प्रतिशत जबकि शहरी युवा अपनी आय का 38 प्रतिशत शराब में खर्च कर रहा है। युवाओं के निजी जीवन में सब कुछ बदल रहा है, सप्ताहांत, जन्मदिन, सांस्कृतिक त्यौहार और राष्ट्रीय त्यौहार मनाने के ढंग बदल चुके है।

मूल बदलावों के प्रमुख बिन्दु

युवाओं के व्यवहारिक तरीकों में आए बदलाव

अभिवादन – माता पिता से। बुजुर्गो से।
दिनचर्या – सुबह उठने का समय। रात में सोने का समय। सुबह उठकर पहली पसंद। स्नान। सप्ताहांत पर युवाओं का पसंदीदा व्यवहार। जन्मदिन मनाने का तरीका। सांस्कृतिक त्यौहारों के प्रति युवाओं का व्यवहार। राष्ट्रीय त्यौहारों के प्रति युवाओं का दृष्टिकोण।

क्या सोचते हैं युवा

- अतिथियों के विषय में।
- सार्वजनिक स्थलों पर प्रेम के इजहार के विषय में।
- युवाओं की नजर में शिक्षा के मायने।
- गुरूओं के विषय में।
- अर्थ के विषय में।
- राजनीति के विषय में।
- साम्प्रदायिकता के विषय में।
- मीडिया के विषय में।
- भारत की वर्तमान नीतियों के विषय में।
- भारतीय संस्कृति के विषय में।
- पुनर्जन्म के विषय में।
- रामसेतु के विषय में।
- अवतारवाद के विषय में।
- वृद्धों के विषय में।
- भारत के अनाक्रमण संबंधी इतिहास के विषय में।

संदर्भ :–

1. देसाई, बी.जी., 1964, द इमिर्जिंग यूथ. बॉम्बे : पापुलर प्रकाशन
2. दुर्खीम, ई. 1983, प्रोफेशनल इथिक एण्ड सिविक मोरल्स, न्यूयार्क : फ्री प्रेस
3. गुडे एण्ड हॉट, 1952, मेथड इन सोशल रिसर्च टोक्यो : मैक ग्रा हिल कॉ.
4. गोर, एम.एस., 1977 इण्डियन यूथ : प्रॉसिस ऑफ सोशलाईजेशन न्यू देहली : विश्व युवक केन्द्र
5. गोर, एम.एस., 1982, एजुकेशन एण्ड मॉडर्नाइजेशन इन इंडिया रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर।

महिलाओं से संबंधित मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित योजनाएं

डॉ. सुमन तिवारी
राजनीति शास्त्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

प्रस्तावना : महिलाओं की उन्नति के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपाय उनके लिए सेवा योजना के अवसर उत्पन्न करना था। इस बात का प्रयास किया गया कि उनको जनता वितरण व्यवसाी, ग्रामीण गोदामों, बाढ़ नियन्त्रण, डेयरी विकास और सामाजिक वानकी आदि में नौकरियाँ मिलें। इसी प्रकार पारम्परिक व्यवसायों को आधुनिक बनाकर जैसे सूत कातना और कपड़ा बुनना, दिया सलाई बनाना, दरी कालीन बनाना, कृषि मछली पालन आदि में कुशलता की वृद्धि के साथ उनको वैकल्पिक सेवा नियोजन प्रदान करना था। महिला सेवास नियोजन के विकास के लिए प्राप्त विभिन्न शैक्षिक तथा प्रशिक्षण सुविधाओं में वृद्धि की गई। ग्रामीण युवक स्वनियोजन के लिए प्रशिक्षण ;ज्त्ल्म्डद्ध के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

शिक्षा, स्वास्थ्य पौष्टिक भोजन और सेवायोजन से सम्बन्धित कार्यक्रम स्त्रियों की सामाजिक निर्योग्यताओं को दूर करने में बहुत सहायक हुए। तथापि स्त्रियों के आर्थिक उच्च स्तर का विकास देश में व्याप्त सामाजिक मूल्य व्यवसाी, दृष्टिकोण और सामाजिक संरचना के परिवर्तन पर निर्भर था।

सातवीं पंचवर्षीय योजना (1986–90) – सातवी पंचवर्षीय योजना में महिलाओं में विश्वास का भाव जगाने उनके अधिकारों तथा विशेषाधिकारों के प्रति चेतना जगाने और आर्थिक गतिविधियों एवं रोजगार के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता के प्रति संकेत किया। योजना में महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97) – इस योजना में महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए संवैधानिक गारन्टी और विशेष कानून होते हुए भी अपने कानूनी अधिकारों का ज्ञान न होने के कारण स्त्रियाँ लगातार कष्ट भाग रही हैं इसके अतिरिक्त स्त्रियों को उनके अधिकार देने के प्रति सामाजिक विरोध, वैधानिक सुविधाओं की कमी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियों की ऐसी संस्थाओं को कभी जो उनके हितों की रक्षा कर सके, के कारण भी स्त्रियों को कष्ट भुगतना पड़ रहा है। दहेज निरोधक अधिनियम के बनने और कानून तोड़ने पर सख्त सजा होते हुए भी दहेज की यह कुप्रथा लगातार चली आ रही है। स्त्रियों के विरूद्ध अपराध जिसमें घरेलू दायरा भी शामिल है उनके अस्तित्व को बलात्कार दहेज सम्बन्धी अत्याचार और हत्या के मामलों से कुंठित किया जा रहा है।

इस योजना की यह नीति थी कि विकास कार्यक्रमों से होने वाले लाभों से महिलाओं को वंचित न किया जाए और सामान्य विकास कार्यक्रमों के पूरक विशेष कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाए। स्त्रियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लाभ मिलने चाहिए। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के उत्पादक समूह और सहकारी समितियां बनाने की आवश्यकता रही। जिला संघ और महिलाओं की समितियों को ग्रामीण महिलाओं को, ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए और उन्हें तकनीकी सहायता, ऋण और अपने उत्पादन को बेचने की सुविधाएँ देने के लिए प्रोत्साहित करना था।

नौवीं पंचवर्षीय योजना (1997–2002) – नौवी पंचवर्षीय योजना में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास के एजेन्ट के रूप में महिलाओं को शक्ति प्रदान करने की वचनबद्धता दर्शायी गई थी। महिलाओं एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस दिशा में अनेक कदम उठाये गए। उनमें से कुछ निम्न लिखित है ।

1) **ग्रामीण महिलाओं का विकास और अधिकारिता (स्वशक्ति) परियोजना** – केन्द्र द्वारा प्रायोजित परियोजना के रूप में इसे 16 अक्टूबर, 1998 को पाँच वर्ष के लिए मंजूर किया गया तथा इसके लिए 186.21 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया। इस परियोजना का उद्देश्य महिलाओं को अधिकार सम्पन्न बनाने के लिए एक उपयुक्त पर्यावरण निर्मित करना था। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक और बिहार के 35 जिलों में यह परियोजना चलाई जा रही है।

2) **स्वयंसिद्धास योजना** – स्वयंसिद्धा योजना मार्च 2001 में शुरू की गई। यह इन्दिरा महिला योजना का ही परिष्कृत रूप है जिसमें महिला अधिकारिता कार्यक्रम शामिल कर दिया गया है और

वर्तमान में 238 ब्लाकों में चल रहे इस कार्यक्रम का दसवीं योजना के अन्त तक 650 ब्लाकों में विस्तार कर दिया गया। इस योजना के प्रमुख उद्देश्य है :–

- आत्मनिर्भर महिलाओं के स्वयं सहायता समूह बनाना।
- इन समूहों के सदस्यों में विश्वास और जागरूकता उत्पन्न करना, आर्थिक संसाधनों पर उनका नियन्त्रण, लघु ऋणों तक महिलाओं की पहुँच बढ़ाना।
- स्थानीय स्तर की योजना में महिलाओं की भागीदारी और महिला एवं बाल कल्याण विभाग तथा अन्य विभागों के संवाओं को समान रूप देना।

राज्य सरकार इस योजना को राज्य स्वर पर पहचान किये गए प्रमुख विभागों और लागू करने वाली ब्लाक स्तरीय एजेंसियों के जरिए लागू करेगी।

3) **महिला समृद्धि योजना** – देश की ग्रामीण महिलाओं में बचत की आदत डालने के उद्देश्य से सन् 1993 में महिला समृद्धि योजना शुरू की गई थी। अब यह योजना इन्दिरा महिला योजना में सम्मिलित कर दी गई है।

4) **महिला के सशक्तिकरण के लिए दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम** – इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय ओपन यूनिवर्सिटी और भारतीय अंतरिक्ष शोध संस्थान के सहयोग से कल्याण मन्त्रालय ने जमीनी स्तर अपनी क्षमता को बढ़ाते हुए ऐसी कार्य योजना तैयार की है, जो महिलाओं को गतिमान और सशक्त बनाने के लिए दूरस्थ शिक्षा पद्धति द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स करवाता है। इस दिशा में परियोजना की प्रारम्भिक गतिविधियाँ पूरी हो चुकी है और जुलाई 2000 से ऐसा पहला कार्यक्रम शुरू भी हो चुका है।

5) **आयोग राष्ट्रीय महिला** – राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन 31 जनवरी, 1992 को राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत किया गया था। आयोग को सौपे गए कार्य व्यापक और विभिन्न प्रकार के हैं, जो महिलाओं के अधिकारों और उनकी उन्नति को सुरक्षा प्रदान करने सम्बन्धी मुद्दों के लगभग सभी पहलुओं से जुड़े हुए है। आयोग ने महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाने को सर्वाधिक प्राथमिकता दी है। इस उद्देश्य के लिए आयोग पारिवारिक महिला लोक अदालतें लगाने, पारिवारिक विवादों में परामर्श सेवाएँ देने तथा महिलाओं में कानून के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

6) **महिला सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय नीति** – सितम्बर, 1995 के दौरान बीजिंग में हुए चौथे विश्व महिला सम्मेलन में भारत द्वारा किए गए वायदे के मध्य नजर भारत सरकार ने विश्व स्तर पर महिलाओं के स्तर की जानकारी लेने के बाद भारत में भी महिला सशक्तिकरण के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाई गई। इस नीति के प्रावधानों के अनुसार महिलाओं को पुरूषों के समान संवैधानिक दर्जा दिया है। बिना किसी भेदभाव के महिला पुरूष एक समान माने गए है। सभी प्रकार के सलाह मशवरे की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और इस नीति के अनुसार कार्यवाही जारी है।

7) **राष्ट्रीय महिल संसाधन केन्द्र** – महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र गठित करने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है। महिलाओं को प्रशिक्षण देना, उन्हें समुचित जानकारी उपलब्ध कराना, शोध और उन्हें दस्तावेज तैयार करने जैसी सुविधाओं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र एक केन्द्रीय निकाय होगा, जो नीतियों और कार्यक्रमों में लिंग भेद मामलों पर नीति परक फैसले लेगा।

नौवी पंचवर्षीय योजना में शिक्षा को विशेष प्राथमिकता पर रखा गया। इस दिशा में उन क्षेत्रों को पहचान पहले से ही कर ली गई थी, जहाँ विशेष ध्यान दिया जाएगा। ऐसे कम साक्षरता वाले क्षेत्र हैं – सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की महिलाएँ और बालिकायें जैसे– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियाँ, अन्य पिछड़ी जातियाँ, अल्पसंख्यक, विकलांग आदि। कुल जनसंख्या में इन वर्गो का साक्षरता का प्रतिशत 5 से 10 प्रतिशत के बीच है जबकि 2011 की जनगणना में औसत राष्ट्रीय महिला साक्षरता 65.46 प्रतिशत है।

दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002–07) – 21 दिसम्बर 2002 को राष्ट्रीय विकास परिसर द्वारा अनुमोदित दसवी पंचवर्षीय योजना 2002–07 को 1 अप्रैल 2002 से लागू किया गया। यह योजना 31 मार्च 2007 को समाप्त हुई इसमें मातृत्व मृत्यु दर को सन् 2007 तक 2 तथा सन् 2002 तक 1 प्रति हजार जीवित जन्म तक कम करना। साक्षरता तथा मजदूरी में लिंगात्मक अन्तर को सन् 2007 तक 50 प्रतिशत करना।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–2012) – भारत में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना को राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। 2007–12 की अवधि वाली इस योजना के प्रारूप को योजना आयोग ने 8 नवम्बर 2007 को व केन्द्रीय मंत्री मण्डल ने 20 नवम्बर 2007 को मंजूरी प्रदान की थी। इसके अन्तर्गत महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित लक्ष्यों के आधार पर सुदृढ बनाना है।

- 0–6 आयु वर्ग के लिंगानुपात को वर्ष 2011–12 तक बढ़ाकर 938 तथा 2016–17 तक 950 करना।
- यह सुनिश्चित करना कि सभी सरकारी योजनाओं के कुल प्रत्यक्ष एवं परोक्ष लाभार्थियों में महिलाओं एवं बालिकाओं का हिस्सा 33 प्रतिशत हो।
- यह सुनिश्चित करना कि काम करने की किसी बाध्यता के बिना सभी बच्चे सुरक्षित बाल्यावस्था का आनंद उठा सके।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–2017) – वर्तमान में बारहवीं पंचवर्षीय योजना का संचालन किया जा रहा है। बारहवीं योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अनेक लक्ष्य निर्धारित किए गए है और लक्ष्यों को पूर्ण करने से सम्बन्धित नीतियों का निर्माण कर संचालन किया जा रहा है।

इस प्रकार महिलाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा हेतु सरकार के द्वारा अनेक प्रयास किए गए हैं ये प्रयास पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारित कर किये जा रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओं का विकास सम्भव हो सका है। आज महिला प्रत्येक क्षेत्र में न सिर्फ कार्य कर रही है बल्कि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

गजेटियर ऑफ इण्डिया भोपाल 2007.

मध्यप्रदेश पंचायिका : मार्च 2013, मई 2010, अक्टूबर 2012.

डॉ. राव : मध्यप्रदेश का आर्थिक विकास, साहित्य भवन पब्लिकेशन।

योजना 2006, 2009, मई 2000

अग्रवाल, जे.सी.: भारत में नारी शिक्षा, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली।

कुरूक्षेत्र, मई 2000: ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

D.M. Chaudhary: The Hindu Section Act, p.10711

Hindu marriage Act, 19

डॉ. फड़िया बी.एल. लोक प्रशासन साहित्य भवन, पब्लिकेशन।

डॉ. जी.आर. मदन : समाज कार्य विवेक प्रकाशन जवाहर नगर दिल्ली–7

श्रीवास्तव, सुधारानी 1999: भारत में महिलाओं की वैधानिक स्थिति, कॉमनवेल्थ पब्लिशर्स, नई दिल्ली।

ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज की व्यवस्था

डॉ. सपना शर्मा

श्रुति जैन

सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, माता गुजरी, महिला महाविधालय, मठाताल, जबलपुर म.प्र
शोध छात्रा, वाणिज्य, रानी दुर्गावती विश्वविधालय जबलपुर म,प्र

शोध सार : प्राचीन काल से ही पंचायतें हमारी सामाजिक, राजनैतिक व्यवस्था का अंग रही हैं। 1992 में संसद ने स्वावलम्बन और सामनता के उददेश्य से संविधान में 73वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज को सवैंधानिक हैसियत प्रदान कर सत्ता में आम आदमी की भागीदारी का रास्ता खोला। सत्ता की विकेन्द्रीकरण का यह प्रक्रिया पंचायती राज के निरन्तर विकास का परिणाम है। पंचायत व्यवस्था का उदभव कब हुआ तथा इसका तत्कालीन स्वरूप क्या था। यह अनुमान अवश्य किया जा सकता है कि जब मानव समाज का उदय हुआ लगभग उसी समय से पंचायती राज व्यवस्था का भी उदय हुआ। पॉच व्यक्तियों की सभा एक प्राचीन संस्था हैं जिसका अस्तित्व अनेक राजनैतिक एवम् आर्थिक परिर्वतनों के पश्चात बना रहा हैं। पंचायती राज –ऐसी क्रान्ति है जो लोकतन्त्र को करोडों भारतीयों के द्वार तक ले जाएगी। यह एक ऐसी क्रान्ति हैं जो विकास की ज्योति को हमारे लाखों ग्रामों तक पॅहुचाएगी। यह ऐसी क्रान्ति हैं जो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लाखो लोगों और हमारे देश की आधी जनसंख्या अर्थात् भारतीय महिलाओं के उत्थान के लिए नए अवसरो के द्वार खोल देती हैं।

मुख्य की वर्ड ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज की व्यवस्था

गांव–पंचायत की बेहतरी हेतु शासकीय पहल पर पंचायत राज की व्यवस्था पर आधारित हैं पंचायत समिती को सरकार या सरकार एजेन्सियों के अत्यधिक नियन्त्रण में जकडा नही जाना चाहिए, उसे गलतिया करने और उन गलतियों से सीखने की क्षमता दी जानी चाहिए लेकिन साथ ही उसे पथ प्रर्दशन की आवश्यकता होगी, सरकार को चाहिए की वह उसे समुचित पथ प्रर्दशन प्रदान करे जिससे वह गलतियों सं बच सके।

विभिन्न सामाजिक योजनाओं की प्रगति से गांवों के आर्थिक –सामाजिक जीवन में काफी बदलाव हुआ हैं। सह पूछिए तो नए भारत के नए बाजार के केन्द्रं बनते जरा रहे हैं और यह सम्भव हो पाया है जब पंचायत के जरिए विभिन्न सामाजिक योजनाओं सीधे–सीधे गाांव और ग्रामीणों से जुड़ रही हैं अब सरकार की कोशिश इन संस्थाओं को ज्यादा अधिकार देना ही नही ,बल्कि वि्तिय रूप से मजबूत बनाना और बेहतर कामकाज करने के लिए प्रोत्साहित करना हैं। ताकि देश के आर्थिक विकास गांव में ज्यादा से ज्यादा योगदान कर सके। गांवो का विकास तभी संम्भव हो सकता हैं जब विकास का ताना बाना और नितियों के अमल की रूपरेखा तैयार की जाए। कुछ इसी तरह की सोच योजना आयोग की जगह नीति आयोग यानी भारत के राष्ट्रीय परिवर्तन संस्थान के गठन के समय भी आई जब दिल्ली से सुदूर गांवो पर नीति थोपे जाने के बजाए वहां से नीतियों को लेकर सोच लाने की बात कही गई। तकनीकी भाषा में आप कह सकते हैं ऐसी ही व्यवस्था पंचायती राज व्यवसथा के महत्व को और बढाती हैं। ग्राम पंचायत, जिसे आप लोकतंत्र की पहला कडी कह सकते हैं, सीधे–सीधे उन लोगो से बनी और उन लोगो से जुडी हैं जिनके लिए कवकास की पीतिंया बनायी जानी हैं। ऐसे में यदि इस तरह की संस्था विकास का आधार करे तो निश्चित तौर पर वह ज्यादा व्यवहारिक होगा। कुछ इसी सोच के साथ संविधान में 73वां संशोधन कर देश मे पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा दिया गया। यह एक त्रिस्तरीय व्यवस्था हैं जिसमें ग्राम पंचायत, मध्यवर्ती पंचायत केवल उन्हीं राज्यों में जहां आबादी 20 लाख से अधिक हो दौर जिला पंचायत की बात कही गई। ग्राम पंचायती राज व्यवस्था की आधारभूत इकाई हैं। पंचायत राज मंत्रालय के ताजा आकडें बताते हैं कि देशभर में इस समय 608 जिला पंचायत, 6568 मध्यवर्ती पंचायत और 2,47,934 ग्राम पंचायत हैं।

ग्रामीण विकास में ग्राम पंचायत की भूमिका को मुख्य रूप से दो भागों में बांटा जा सकता हैं **क,** केंद्रीय योजनाओं को लागू करना **ख**, स्थानीय जरूरतों के हिसाब से नई योजना तैयार करना और उन पर अमल करना। केंद्रीय योजनाओं की सुची में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, कौशल विकास, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना और इंदिरा आवास

योजना के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम,ज्योती योजना, स्वच्छ भारत अभियान और सांसद आर्दश ग्राम योजना को भी शामिल किया गया हैं। वैसे तो ये योजनाए अलग–अलग मंत्रालयो की हैं लेकिन उनके बेहतर नतीजे तभी इेखने को मिल सकते हैं जब ग्राम पंचायत अहम भूमिका निभाए।

मनरेगा – एक कानून के तहत भुरू की गई रोजगार गांरटी की यह योजना 73वें संविधान संशोधन के लक्ष्यों को हासिल करने का सबसे अह माध्यम तो हैं ही, साथ ही पंचयात राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने का जरिया भी। वैसे तो यह योजाना ग्रामीण योजना के तहत आती है लेकिन इस कानून में साफ तौर पर पंचायत के तीनो स्तर को योजना का खाका खींचने से लेकर उन पर अमल करने का काम सौंपा गया। इस काम को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए पैसे का इंतजाम किया गया।

- काम के इच्छुक लोगो से पंजीकरण के लिए आवेदन लेना, जावं व पहचान करना, पंजीकरण करना, जाबॅ कार्ड जारी करना और आवेदन जमा करने के 15 दिनो के भीतर काम मुहैया करना।
- समय–समय पर सर्वेक्षण के जरिए ये जानने की कोशिश करना कि खास इलाके मे किस तरह काम की जरूरत हैं फिर काम की पहचान कर योजना तैयार कर मंजूरी के लिए भेजना।
- सालाना आधार पर योजना के तथ्यो और कामयाबी की रपट तैयार करना। योजना की पहचान और अमल में ग्राम पंचायत की मदद ग्राम सभा करती है। यही नही योजना का सामाजिक अंकेक्षण भी ग्राम सभा में होता हैं। जहां आम लोग एंजेंसियों से योजना के कामकाज को लेकर सीधे–सीधे जबाव–तलब कर सकते हैं। इसी तरह मध्यवर्ती पंचायत को प्रखडं –स्तर और जिला पंचायत को जिला–स्तर पर रोजगार गांरटी योजना के अमल का जिम्मा है। इस योजना के भुरू होने से लेकर तीन लाख करोड़ रूपये से ज्यादा का खर्च हो चुका है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन – ग्रामीण के विकास के इस अहम अभियान के तहत, सरकार 2021–22 तक करीब 10 करोड गरीब ग्रामीण परिवारों को जीविका के लिए जरूरी साधन मुहैया कराना चाहती हैं। ध्यान रहे कि सामाजिक आर्थिक और धर्म आधारित 2011 की जनगणना के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में 10,71 करोड परिवारों वंचितों की श्रेणी में आते है। जिन्हे दो जून की रोटी या सिर पर छत नही मिलती। ऐसे परिवारो को ध्यान मे रखकर तैयार किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन की खास विशेषता पंचायती राज संस्थाओं के साथ तालमेल हैं।

- गरीबी रेखा से नीचे के परिवारो और उनमें से भी सबसे ज्यादा गरीब और बेहद कमजोर की पहचान करना और उन्हें स्वसहायता समूहो के साथ संगठित करना।
- स्वसहायता समूह को काम के लिए वित्तीय संसधान और बुनियादी सुविधाएं मुहैया करना।

इस मिशन की शुरूआत जून 2011 में की गई और ये अभी गोवा को छोड कर सभी राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में उपलब्ध हैं। इसका मकसद प्रत्येक गरीब ग्रामीण परिवार की कम से कम एक महिला सदस्य को स्व–सहायता समूह में लाना हैं। ये कम चरणबद्ध तरीके से 2024–25 तक वूरा किया जाना हैं। अजिविका कि सहायता से लगभग 1,58 लाख युवाओ ने अपने उद्यम स्थापित कर लिए हैं। 24,5 लाख महिला किसानो को भी सहायता दी गई हैं। बदलते वक्त की जरूरत के मद्देनजर मिशन के तहत कुछ खास पयिोजनाएं शुरू की गई हैं। मसलन, गावं की गरीब कन्याओ और महिलाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर शहर ले जाने और उनके साथ गलत व्यवहार को रोकने के लिए कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और झारखंड मे पायलट प्रोजेक्ट के तहत मैला उठाने वाले लोगो के पुनर्वास और आंध्र प्रदेश में गरीब विकलांगों को जीविका का साधन मुहैया कराने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो चुका हैं। अब तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडू और झारखंड में गरीब ग्रामीण परिवार के बुजुर्गो के लिए स्व– सहायता समूह के पायलट प्रोजेक्ट को शुरू करने की तैयारी है।

इंदिरा आवास योजना – सर पर छत की चाहत को पूरा करना आसान नही होता और खासतौर पर जब ग्रामीण गरीबों की बात की जाए तो ये मुश्किल और भी बढ जाती हैं। कुछ इसी को ध्यान में रखकर इंदिरा आवास योजना की अवधारणा तैयार की गई। जिसमें घर बनाने मे सरकार मदद करती हैं। वैसे तो योजना में पंचायमी संस्थाएं और जिला ग्रामीण विकास संस्थाएं

मिलकर तय करती हैं कि एक पंचायत में कितने घर बनेगेंया कितने का सुधार होना हैं लेकिन सबसे अहम जिम्मेदारी ग्रामसभा की होती हैं।

- लक्ष्य की जानकारी ग्राम पंचायत को दी जायगी। इसके आधार पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारो में से इंदिरा आवास योजना के प्रतिक्षार्थीयों की सूची से लाभार्थी चुने जाएंगे।
- ग्राम पंचायत बगैर घर वाले गरीबी रेखा के नीचे रहने वाल परिवारो की सूची से लाभार्थी चुने सकते हैं।
- लेकिन परिवारो के चयन को लेकर ग्राम सभा का फैसला अंतिम होगा इस पर किसी और की मंजूरी की जरूरत नही होना चाहिए।

सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 के मुताबिक ग्रामीण इलाके में 17,94 करोड परिवार ऐसे हैं जो एक या एक कमरे, कच्ची दीवार या कच्ची छत वालो घर में रहते हैं। यहां कुल मिलाकर गांवो में रहने वाले 10 करोड से ज्यादा ऐसे परिवारो की पहचान की गई। जिनके पास या तो घर नही हैं, भीख मांगकर जीते हैं। मैला ढोते हैं, आदिम जनजाति हैं फिर कानूनी तरीके से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर हैं। इंदिरा आवास योजना के जरिए ऐसे लोगो को घर बनाने मे मदद करता हैं। योजना के तहत विभिन्न राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशो, दिल्ली और चंडीगढ़ को छोड़कर के मैदानी इलाको में गरीबी–रेखा से नीचे रहने वाले ग्रामीण परिवारों को 70 हजार रूपये और पहाडी इलाको में 75 हजार रूपये की मदद दी जाती हैं। इसके अलावा कच्चे घर को पक्के में तब्दील करने के लिए 15 हजार की मदद का प्रावधान हैं।

हालांकि निर्माण सामग्री की लागत और मजदूर की दरो में बढ़ोत्तरी को देखते हुए ये रकम काफी कम हैं। इसके साथ ही 2022 तक सभी पक्के घर के लिए मुहिम के मद्देनजर सरकार सहायता राशि बढाने पर विचार कर रही हैं। साथ ही योजना के नए स्वरूप में लाभार्थी के लिए हर घर में शौचालय जरूरी होगाा। दूसरी ओर, सहायता मिलने के 2 वर्ष के भीतर घर बनाने की शर्त कई गरीब परिवार पूरा नहीं कर पाते क्योकि बाकी रकम जुटाना उनके लिए मुश्किल होता हैं। इसके लिए सरकार की कोशिश हैं कि देरी नजर रखी जायेगी।

संदर्भ स्रोत –

पत्र सूचना कार्यालय
ग्रामीण विकास मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट
पंचायती राज मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट
कुरूक्षेत्र

Women empowerment in india : issues and solution

Dr. Sulekha Mishra
Professor Political Science
Govt. MKB Arts and Commerce Autonomous College for Women Jabalpur (M.P.)

ABSTRACT : Today the empowerment of women has become one of the most important concerns of 21st century. We observe in our day to day life how women become victimized by various social evils. Women Empowerment is the vital instrument to expand women's ability to have resources and to make strategic life choices.

Women play a vital role in society. They have contributed in all areas and there are so many examples in all fields.Thereis a need of time to frame the women empowerment programme at all levels. The great contribution expect from advocacy groups, policymakers, social researchers, health workers, social thinkers and sociologist for the women empowerment. Women Empowerment commission is a tool to eradicate various problem and provide right track for them.In this article, the main focus has been given on status, role, situation, authority and problems with the role of women empowerment of India.

Key Words : Women Empowerment, Education, Health, Socio-Economic Status. Crimes against women, Policy implications.

Introduction : The topic on Women Empowerment is a burning issue all over the world. Women empowerment and women equality with men is a universal issue.Women Empowerment refers to strengthening the social, economic and educational powers of women. It refers to an environment where there is no gender bias and have equal rights in community, society and workplaces. Women population is around 50% of the total population of the world. They have every right to be treated equally with men in every spheres of life and society. Traditionally, an Indian woman had four fold status-role sequences. These

were her role as a daughter, wife, housewife (homemaker), and mother.

Women empowerment is used both in general and specific sense. In general sense it means making women self-dependent and giving them all the freedoms and opportunities. In a specific sense, women empowerment means improving the position of women in the society's power structure.

In simple words, empowerment is giving power. Power is the keyword of the term empowerment. According to the International Encyclopedia (1999), power means having the capacity and the means to direct one's life toward desired social, political and economic goals or status. Power means control over material assets, intellectual resource and ideology. In Webster's English Dictionary, the verb empower means to give the means, ability and authority. Empowerment is a multi-dimensional social process that helps people to gain control over their own lives and in their society, by acting on issues that they consider as important. Empowerment occurs within sociological, psychological and economic spheres and at various levels such as individual, group and community and challenges our assumptions about the status-quo, asymmetrical power relationships and social dynamics.

The World Bank defines empowerment as "the process of increasing the capacity of individuals or groups to make choices and transform those choices into desired actions and outcomes. Central to this process is action which both build individual and collective assets

and improve the efficiency and fairness of the organization and institutional context which govern the use of these assets." Economist BinaAgarwal defines empowerment as a process that enhances the ability of disadvantaged and powerless individuals or groups to challenge and change in their favour, existing power relationship that places them in subordinate economic, social and political position. Empowerment can manifest itself in acts of individual resistance as well as in group mobilization. Empowerment is multidimensional and refers to the expansion of freedom of choice and action in all spheres economic, political, social/cultural, personal and familiar to change the ones life". Thus empowerment is multi-dimensional gaining self-confidence and meaningful participation in decision making. As the foremost precursor to development and empowerment of women comprehensively seeks to ensure an equitable division of resources and carve a clear role for them in decision making. It helps them articulate their as well as other rights and participate actively in democratic processes. According to Swami Vivekanand, there is no chance for the welfare of the world unless the condition of the women is improved.

Women empowerment processes certain characteristics, they are the following :-

1. Women empowerment is giving power to women; it is making women better off.
2. Women empowerment enables a greater degree of self-confidence and sense of independence among women.
3. Women empowerment is a process of acquiring power for women in order to understand her rights and to perform her responsibilities towards oneself and others in a most effective way.
4. Women empowerment gives the capacity or power to resist discrimination imposed by the male dominated society. 5.Women empowerment enables women to organize themselves to increase their self-reliance.
6. Women empowerment means women's control over material assets, intellectual resources and ideology.
7. Women empowerment challenges traditional power equations and relations. 8. Women empowerment abolishes all gender based discrimination in all institutions and structure of society.
9. Women empowerment means participation of women in policy and decision making process at domestic and public levels.
10. Women empowerment means exposing the oppressive power of existing gender and social relations.
11. Empowerment of women makes them more powerful to face the challenges of life, to overcome the disabilities, handicaps and inequalities.

The position and status of women in society has been changing from time to time. In Vedic India, woman was considered to be a goddess. No religious or social function was considered to be auspicious where woman was not present. She was called the “Ardhangini’ (the better half) of man. She had a fairly high status in society. All this shows the high esteem in which women were held in ancient India.

With the advent of Muslims in India, the position of women received a set- back. They had to go behind the veil. The British rulers, too, did not take any concrete steps to improve the status of women. It was only with the dawn of freedom that the position and status of women took a turn for the better. Our national leaders started working for the emanicipation of women. They were given their rightful place in all spheres of life. Discrimination on the basis of sex became a matter of the past.

A woman in olden days had to depend upon her parents, her husband or her sons for the whole of her life. But the modern even is as free as a bird. She no longer depends on others. Education has

raised her status. She is keen on becoming self-supporting. She likes to enter some profession. It does not mean that she wants to remain alone or unmarried. She longs to have respectable status. She does not like to be a dumb driven cattle.

As a result of all this, the woman broke out of the four walls of her house and started marching ahead in life. She joined the worldwide phenomenon of women. Today, the eve is certainly on the march. In fact, she has left man far behind in many fields. We have women legislators, women ministers, ambassadors, doctors, lawyers, teachers and officers. With the encouragement of co-education, modern girls have thrown off old complexes and they are marching shoulder to shoulder with boys in every field of life.

A modern girl is conscious of her position and importance in the society. She is no longer a dumb cow of the society. She competes with boys and ever sphere of life. She is full of self-confidence. She is an ambitious as the boys and wants to become a problem for the poor parents. A girl born to poor parents does not cut down her needs. She, too wants to enjoy life like her rich friends.

संग्रह इसके पश्चात बल और वीर्य के संग्रह के साथ ही गृहस्थ जीवन के 25 वर्ष पूर्ण कर आश्रम में प्रवेश कर पाणिग्रहण का आनन्द लेकर साधक मन वचन कर्म से संतति में वृ0 कर समाज का सोहार्द ग्रहण कर समाज हित के कर्म करना परिवार के भरणपोषण के दायित्व का निर्वहन करने हुए कृषि, उपासना, परोपकारिकता, सत्यता, दान, श्रम से वैदिक समाज सुपरिचित था इस बात के भी संकेत मिलते हैं अथर्ववेद में भी यज्ञ, इस गृहस्थ आश्रम के प्रमुख लक्षण हैं। यजुर्वेद में इस आश्रम को श्रेष्ठ आश्रम के नाम से जाना जाता है। क्योंकि अन्य आश्रमों का आश्रय प्रदाता है। अर्थात भरण पोषण का दायित्व इसी आश्रम पर है शेष तीनों आश्रमों का मूलाधार है इसी की आयु सीमा 25 से 50 वर्ष निर्धारित है। जीवन का तीसरा आश्रम वानप्रस्थ है जिसे आयु सीमा 50 से 75 वर्ष है। साधक को वन में प्रस्थान करने के कारण ही वानप्रस्थ शब्द निर्मित हुआ है। इस अवस्था में बाल सफेद त्वचा शिथिल होने के साथ ही पत्नि को बच्चों के पास सौंपकर वनगमन करना या समाज का मार्ग दर्शन या अपने अनुभव को त्याग देना इस आश्रम में तपस्या सत्संग चिंतन आदि के माध्यम से ज्ञान युक्त पवित्रता का नित्य अर्जित करना तथा उसे समाज को दान करना मुडकोपनिषद के अनुसार इस आश्रम में व्यक्ति संयम तपस्या धर्माचरण व उत्तम परिष्कार करता हुआ जीवन के परम साधना मोक्ष प्राप्ति की ओर अग्रसर होना इसके पश्चात जीवन का अंतिम आश्रम सन्यास यह चतुर्थ आश्रम है इस की आयु सीमा 75 से 100 वर्ष मान्य है। महर्षि दयानन्द ने कहा है कि सच्चा संयासी वही है जो संयम व समाज को सत्य व धर्म के मार्ग पर चलाते हैं। सतपथ ब्राह्मण में सन्यासी के लिए पुत्रेषणा, विनतेषणा और लोकेषणा का त्याग कर निष्ठा चरण करते रहने का आदेश है। साथ ही मोह का त्याग कर मोक्ष के साधको में तत्पर रहते हैं। समाज को सत्योपदेश के साथ विद्यादान ही मुख्य रूप से सन्यासी का कार्य है। वह स्थान ब्रम्ह में स्थित होकर अग्रित पद अर्थात मोक्ष को प्राप्त करता है। क्योंकि हमारे शब्द की संस्कृति सर्वधर्म समभाव की है। यहां अनेकता में ही एकता के दर्शन होते हैं। समस्त योग का भाव ही यह है कि मन वचन व कर्म से सम अवस्था में सदैव संतुष्ट प्रसन्न रहना योग का शाब्दिक अर्थ भी जोडना है। इसलिए भगवान हिरण्य गर्भ ने जब योग को उपदेशित किया कि अण्डज पिण्डज स्वदेज उर्मज यह चार प्रकार से जीव की उन्पत्ति का विधान है और जलचर थलचर नभचरों की चौरासी लाख यौनियां हैं लेकिन हठ योग के प्रथम अंग आसन का प्रश्न है तो जिसकी भी योनियां हैं आसनों की संख्या भी उतनी ही है साथ ही हठ योग के द्वितीय अंग प्राण की आवश्यकता प्रत्येक जीव को रहती है। चाहे वह किसी भी रूप में प्रकट हुआ है तब यह सत्य है कि योग जीवन जीने की कला का नाम है। गर्भ से लेकर शरीर के अवसान तक योग विद्या साथ रहती है। मानव का धर्म उस का स्वभाव है मूल स्वभाव परोपकार व सत्य का है जिसके परिणाम में शांति व प्रसन्नता की प्राप्ति होती है। यह शरीर जिन पंचतत्वों से निर्मित है। उन सभी का गुण और स्वभाव अपना अपना है। आकाश तत्व का गुण शब्द है। स्वभाव शांति है नाद ही ब्रम्ह की पहचान है इसलिए ॐ को प्रणवाक्षर के नाम से जाना जाता है। वायु का गुण स्पर्श व धर्म प्राण की निरंतरता अर्थात बहना या गति है। गति चैतन्यता की सूचक है बिना गति के जडता का उदय होता है। अतः गति विहीन पदार्थ मृत हैं।इसी प्रकार अभिन्न तत्व का गुण दाहकता है स्वभाव प्रकाश है। प्रकाश ही जीवन है। अन्धकार ही मृत्यु है। इसी लिए ऋषियों ने कहा कि तमसो मा ज्योतिर्गमय इसी क्रम में चतुर्थ तत्व जल जिस के बिना जीवन सम्भव नहीं है का गुण रस है। स्वभाव तरलता है। कार्य गीला करना है और पंचतत्वों में अंतिम तत्व पृथ्वी है जो सभी तत्वों से सम्पन्न है का गुण गंध है। स्वभाव सहनशीलता है इन विभिन्न गुण धर्मों स्वभाव से युक्त यह मानव शरीर जो समाज का अंग है जिस के उदय से अन्त तक कितने परिवर्तन हैं। फिर भी ऋषियों के दिये संदेश को हम संस्कृति के रूप में अपने कार्य व्यवहार व विचारों में लेकर चलते हैं। जिसके कारण ही हमारा देश विश्व गुरू के रूप में देखा जाता है। यहां की संस्कृति ही विश्व में पहचान की जाती है। इसीलिए हम संस्कृति को समाज की आत्मा के नाम से जानते हैं। क्योंकि समाज में जिसका अस्तित्व नहीं वह शरीर से जीवित होने के बाद भी मृत है क्योंकि जिसके पास चरित्र नहीं संस्कार नहीं वह मृत है। जब कि हमारी संस्कृति युगों–युगों से सदमार्ग पर चलना, सत्संग करना, सत्य का आचरण करना, सात्विक वृद्धि रखना सहज और शांति रहना एवं आत्म अवलोकन करना ही सिखाती है जो कर्म की पूर्णमा ज्ञान कराती है वह संस्कृति है। यह वास्तविक रूप से हमारी जीवन की विधि है हमारा रहन सहन आचार विचार व्यवहार ये सभी संस्कृति के पक्ष हैं संस्कृति हमें उत्तराधिकार में प्राप्त होती है। यह भी सत्य है कि मानवों की सभी उपलब्धियां यथा कला, संगीत, साहित्य, वास्तु विज्ञान, शिल्प कला, दर्शन, धर्म विज्ञान ये सभी संस्कृति के पक्ष हैं और संस्कृति में हमारे रीति–रिवाज, परम्परायें, पर्व व जीवन जीने की तरीके आदि पर व्यक्ति का अपना दृष्टिकोण है लेकिन मानव जनित संस्कृति पर्यावरण का भी ध्यान रखती है जिस पर व्यक्तियों की सामान्य सहमति है क्योंकि संस्कृति का मूल केन्द्र बिन्दू मानव के सूक्ष्म विचारों में निहित है। वास्तविक रूप से संस्कृति हमारे जीने और सोचने की विधि में हमारी प्रकृति की अभिव्यक्ति है जिस का दर्शन हमारे प्रत्येक में होता है। हमारी संस्कृति पश्चिम से भिन्न है। हमारी संस्कृति में धार्मिक विश्वास प्राप्त वचनों का सम्मान आदि संस्कृति के दो पक्ष हैं अधिभौतिक संस्कृति तथा भौतिक संस्कृति को सभ्यता के रूप में जाना जाता है।

संस्कृति की विवेचना हमारे आदि कवि कालिदास जिन्हें हम भारत के शेक्सपीयर के नाम से जानते हैं। इन्होंने अपने विषद ज्ञान की रश्मि सम्पूर्ण राष्ट्र को दी है वहीं कवि रवीन्द्र नाथ टैगोर, वंकिमचन्द्र, ईश्वर चन्द विद्यासागर जैसे मनीषी युग पुरूषों ने समाज सुसंस्कृति का परिचय कराया है।

संदर्भित ग्रंथ :–

रामचरित मानस	–	गीता प्रेस, गोरखपुर
हठ प्रदोषिका	–	स्वा0 सत्यानन्द
घेरेण्य संहिता	–	स्वा0 निरंजनानन्द
यजुर्वेद	–	गायत्री शक्ति पीठ हरिद्वार
भारतीय दर्शन	–	प्रो0 हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

मंडला जिले में आदिवासी नारी शिक्षा : आजादी के पहले और आजादी के बाद

डॉ. मनीष कुमार दुबे

प्राचीन काल में ही भारतीय महिलाओं का समाज में प्रतिष्ठापूर्ण स्थान रहा है। भारतीय धर्म और संस्कृति में महिलाओं को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। **'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता'** यदि इतिहास पर नजर डालें तो मध्ययुगीन काल से लेकर आज तक लिंगभेद में कोई आमूलचूल परिवर्तन देखने को नहीं मिलता है। आज के समाज में महिलाओं को दोयम दर्जे का स्थान प्राप्त हैं शिक्षा के क्षेत्र में तो पिछड़ापन जगजाहिर है, मानव सभ्यता और संस्कृति के उदय से ही भारतवर्ष अपनी शिक्षा तथा धर्म के माध्यम से दर्शन प्रदर्शन के माध्यम से पूरे विश्व का पथ प्रदर्शक रहा है लेकिन वर्तमान में हमारी शिक्षा दिशा विहीन होती जा रही है। नारी शिक्षा के प्रति भेदभाव बरकरार है तथा नारी शिक्षा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक विकास में सहायक होने के साथ ही जनसंख्या को कम करने बच्चों का पालन पोषण और माता तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। वैसे यह सर्वविदित है कि एक लड़के की शिक्षा का अर्थ एक व्यक्ति को शिक्षित करना है जबकि एक लड़की की शिक्षा पूरे परिवार को शिक्षित करती है। ग्रामीण विकास पर नारी शिक्षा का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। आज भी चाहे हम 21वीं सदी में चले जाएं। लड़कियों को लड़कों के बराबर दर्जा नहीं मिल पाया है। आज भी गांव में लड़की के पैदा होने पर वैसी ही खुशी नहीं मनाई जाती जिस प्रकार लड़का के पैदा होने पर या भेदभाव शिक्षा के साथ–साथ खानपान में भी देखने को मिलता है। लड़की को चिराग मानकर अच्छी से अच्छी शिक्षा दी जाती है जबकि बालिका को पर कभी–कभी तो प्राथमिक शिक्षा से वंचित रखा जाता है।

समाज में शिक्षा के महत्व अपने आप में स्वयं सिद्ध हैं। मानव मस्तिष्क एवं आसपास के प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में मनुष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक विशेष घटक है । शिक्षा मानव मस्तिष्क के कार्य करने का ऐसा महत्वपूर्ण साधन है जिसमें मनुष्य अपने अच्छे बुरे का सही आकलन कर पाने में संक्षेप हो जाता है तथा समाज में होने वाले शोषण को भी पहचानने एवं उससे बचने में भी सफल होता है। आदिवासी जनसंख्या के परिपेक्ष्य में यह स्पष्ट है कि महिला शोषण की शिकार थी एवं विकास की मुख्यधारा से अलग रही है। इसका मुख्य कारण शिक्षा के अभाव में उनका विकास न होना था। जिले में किसी भी योजना का दोहन नहीं हो पाया इस दृष्टि से विकास की मुख्यधारा से अलग रही है। जिले में कोई भी योजना पूर्ण सफल नहीं हो पाई इसका मुख्य मूल कारण विकास की किसी भी परियोजना यह कार्यक्रम की सफलता के लिए समाज में नारी का शिक्षित होना प्राथमिकता के साथ आवश्यक है।

शोध से स्पष्ट है कि स्वतंत्रता के बाद प्रतिवर्ष छात्राओं की संख्या बढ़ी और आदिवासी छात्राओं में महिलाओं में साक्षरता के प्रति रुझान बढ़ा। यह भी स्पष्ट होता है कि प्राथमिक स्तर पर इन आदिवासी छात्रों की संख्या अधिक रही लेकिन उच्चतर कक्षा में इनकी संख्या काफी कम थी। प्राथमिक स्तर की कक्षाओं और माध्यमिक स्तर की कक्षाओं के बीच एक बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययन कार्य छोड़ देती थी। माध्यमिक स्तर के बाद उच्च कक्षाओं तथा माध्यमिक विद्यालय महाविद्यालय तक आते–आते संख्या और भी कम होती गइ। जिले में छात्राओं जिले में छात्राओं में उच्च कक्षा में अध्ययन के प्रति अरुचि एक अत्यंत विचारणीय प्रश्न है। अतः शासन का यह दायित्व किस बात का पता लगाएं कि छात्राएं इस कक्षा में आते–आते अध्यापन कार्य क्यों छोड़ देती है ? जीवन स्तर के सुधार तथा आर्थिक विकास का कार्य जब तक अच्छे ढंग से नहीं होगा जब तक उच्च स्तर के अध्यापन के प्रति रुचि नहीं होगी । उन्हें साक्षर नहीं शिक्षित करने की आवश्यकता है । यद्यपि शासन शिक्षण के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए हैं लेकिन क्या यह प्रयास सुविधाएं उन लोगों तक पहुंच पाई है जिन्हें उनकी आवश्यकता है।

यही कारण है कि प्रशासन सही रास्ते को सही दिशा को खोज करने में असमर्थ रहा है अतः यहां प्रयोगिक पूर्ण परिचित प्रत्येक स्तर पर प्रगतिशील राजनीतिक नेतृत्व, सत्ता पार्टी के सजग राजनीतिक कार्यकर्ता, साफ–सुथरी नियोजित अर्थव्यवस्था, समर्पित अधिकारी वर्ग और अत्यधिक व्यापक नियोजन की आवश्यकता है, तभी सफलता की आशा की जा सकती है।

सन 1960 में प्रत्येक गांव के बीच एक स्कूल का निर्माण हुआ इसका कार्य क्षेत्र 9.6 मील या पठारी इलाकों में स्कूल का कार्य क्षेत्रफल अधिक या 2/3 से अधिक जनसंख्या छोटे गांव में रहती थी । जिसकी संख्या 500 से कम थी । जिससे कई गांवों में ग्रामीणों के जागरुक ना होने के कारण स्कूल नहीं थे जबकि बड़े गांव में शैक्षणिक व्यवस्था थी।आज भी आदिवासियों के बीच महिला शिक्षा के प्रति जागरूकता का अभाव देखा जा सकता है । वे अभी तक शिक्षा का मूल्य नहीं पहचान पाए।

	1951	1961	1971
साक्षरता	2.4	3.0	7.86

जिले में शिक्षक क्षेत्र में आश्चर्यजनक बदलाव 1961 के बाद में आया। इसका कारण 1951 से 1961 तक प्राथमिक स्कूलों की संख्या 281 से 543 हो गई। छात्राओं के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि 1951 से 1961 तक 970 से 10000 छात्रों की संख्या हो गई थी, जो कि 10 गुना अधिक थी । प्रयास अवश्य किया गया लेकिन भागीरथ प्रयास 1964 के बाद ही प्रारंभ हो गए। भारत के स्वतंत्र होने के साथ एक आशा की किरण जागी, यह वर्ग धीरे–धीरे उन्नति के पथ पर अग्रसर हुआ। नवीन तरीके अपनाए गए जिससे लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। जाति धर्म को ताक में रखकर अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया जिससे अपने घर के लड़कियों को भी स्कूल भेजें। इन प्रयासों में से 1950 के बाद आ" चर्यजनक बदलाव आया और स्कूल जाने वाली बालिकाओं के प्रतिशत में वृद्वि हुई।

Literacy Percentage (1951-1991)

Total	1951	1961	1971	1981	1991	Male &Female
Total	8.3	14.2	18.74	22.92	29.89	
Male	14.0	23.4	28.77	34.71	41.79	
Female	2.4	5.0	7.86	11.16	17.85	
Rural	7.30	12.5	16.19	20.24	27.02	
Urban	24.02	48.0	54.71	58.18	64.42	

मंडला जिले में महिलाओं की शिक्षा के स्तर और उसकी परंपरा के बारे में कोई सटीक जानकारी प्राप्त नहीं होती है कि जिले के प्रारंभिक काल में शिक्षा का क्या स्वरूप रहा है। शिक्षा के बारे में व्यापक रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है । पूर्णता पिछड़ा एवं आदिवासी जिला होने के कारण यहां शिक्षा का व्यवस्थित प्रचार–प्रसार नहीं हो पाया था लेकिन स्वतंत्रता के बाद मिशनरियों के प्रवेश एवं कुछ संस्थानों द्वारा जिले की शैक्षणिक स्तर उठाने का प्रयास किया गया ।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि स्त्री जागरूकता के बिना ग्रामीण परिवारों का विकास संभव नहीं है। इसके बिना गांव की तरक्की में अपेक्षित परिणाम नहीं ला सकते। जहां तक पर्याप्त ग्रामीण महिला साक्षरता से बढ़कर सुशिक्षा से जागरुक नहीं हो जाती, तब तक ग्राम विकास संभव नहीं हो पाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक विकास में महिलाओं की

भूमिका नगण्य है।इसका कारण महिलाओं का शिक्षित होना है। ग्रामीण विकास के लिए महिलाओं का शिक्षित होना बहुत जरूरी है क्योंकि गांव में पुरुष वर्ग ज्यादातर घर के बाहर रहता है तथा बच्चों के पालन–पोषण का दायित्व महिलाओं पर ही होता है। महिलाओं के अशिक्षित होने के कारण घर के बच्चों विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर उचित ध्यान नहीं दिया जाता है, इसलिए गांव में आज शिक्षा का प्रतिशत अत्यंत कम है। कुछ कक्षाओं की पढ़ाई के बाद पढ़ाई छोड़ देने वाले बच्चों का प्रतिशत अधिक है। विशेष रूप से 90 प्रतिशत बालिका प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के ऊपर अध्ययन नहीं कर पाती। महिलाओं का शिक्षित होना सामाजिक कुरीतिया, अंधविश्वास, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अधिक आवश्यक है। अशिक्षित और सामाजिक रुप से कमजोर होने के कारण ग्रामीण महिला श्रमिक शोषण का सबसे अधिक शिकार होती है। उन्हें अपने कठोर परिश्रम का मूल्य प्राप्त भी नहीं होता जो पुरुष और शिक्षित श्रमिकों को प्राप्त होता है।

गांव में लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्ति की जगह घरेलू कामकाज में लगाए जाना भी एक बाधा है। गांव में घरेलू कामकाज बाल मजदूरी से कम नहीं है। इसके आर्थिक लाभ के चलते ग्रामीण अभिभावक अपनी बच्चियों को विद्यालय भेजना नहीं चाहते। जो शुरू में भेजते हैं वे बाद में रोक देते हैं। एक अध्ययन से पता चलता है कि एक बालिका ससुराल जाने से अपने परिवार को ₹60000 के बराबर का लाभ पहुंचाती है। ऐसे में कोई गरीब मां बाप अपने बच्चे को पढ़ाई में लगाने की भूल कैसे कर सकते हैं।

वास्तव में शिक्षा के बहुआयामी लाभ और लाभप्रद प्रभाव को ध्यान में रखकर ग्रामीण जीवन में इसी वरदान के रूप में लिया जाना चाहिए क्योंकि शिक्षा समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। यही ग्रामीणों को अज्ञान और अंधविश्वास से निजात दिला कर उनमें नई चेतना का संचार करती है। जिससे ग्रामीण विशेषकर महिलाओं में अधिक कर्तव्य और जिम्मेदारी की भावना का उदय होता है।

योंग में जीवन का महत्व

डॉ. एल.जे. पचौरी
पूर्व विभागाध्यक्ष योंग एवं प्रकृति चिकित्सक, शा. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, भोपाल

मानव जीवन अमूल्य है यह बड़े ही शुभ कर्मों के पुण्य का परिणाम है। शास्त्रों में भी वर्णन मिलता है कि यह मानव शरीर दैव लोकवासियों के लिये दुर्लभ है तथा यह परमात्मा की दया से ही प्राप्त होता है। जीव का मूल स्वरूप आत्म साक्षात्कार है। जिस के दो मार्ग हैं। एक उपासना मार्ग और दूसरा ज्ञान मार्ग। इन दोनों में से जीव एक मार्ग का अनुशरण कर परमात्मा तत्व का साक्षात्कार कर सकता है लेकिन कोई अवधि निश्चित नहीं है। यह उपाय रूप है। भगवान ने कहा भी है कि निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भाव और श्रीमद्भगवतगीता में प्रभु ने कहा कि सर्व धर्म परित्यज्य मामेकम् शरणम् वृज अर्थात इन परमात्मा के वाक्यों की वास्तविकता यह है कि आप मानव अपने हृदय में तथा कर्म में किसी यक्ष, गदर्व, प्रेत, भूत, राक्षस इत्यादि में से किसी का न पूजन करें और न ही स्मरण करो। तुम जिसको भजोगे उसी को प्राप्त होओगे इसलिए मन में दृढ़ निश्चय कर निर्मल अवस्था को धारण कर अर्थात निष्काम करते हुए मेरी शरण में आजा तुम्हारा जीवन कृतार्थ हो जाएगा। इसलिए जीवन की सार्थकता इसी में है कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्ह्चर्य, अपरिग्रह महावृतों का दृढ़तापूर्वक अनुशरण करता हूँ और साथ ही पवित्रता के भाव की दृढ़ता के साथ ही सदा हर हाल मैं अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों में संतोष की स्थिरता हो शरीर को ऋतुअनुसार योगाग्नि में तपाकर मकरहित अवस्था के निर्माण की स्थिति बनाये रखनी है। साथ ही आत्म चिंतन की निरंतरता से लक्ष्य की प्राप्ति के प्रति सदैव सजग रहना ऐसे भाव की नित निर्मल भावना जगाए रखना साथ ही मानव के जीवन की सार्थकता इसी में है कि वह मन, वचन व कर्म से परमात्मा को समर्पित हो जाए और साधना के माध्यम से नित नवीनता का अवलोकन करे जीवन धन्य रूपी साधना का कहा जाता हैं जो धर्म के लिये शरीर धारण करता है। उसे प्रति पल सत्य की राह दिखती हो और परोपकार ही उसकी जिज्ञासा हो जीवन का प्रत्येक क्षण सत्संग में जाए जिससे स्वयं की व सानिध्य प्राप्तजनों की गति श्रेष्ठ हो। जीवन में सुख, संतोष बनाए रखकर कामनाहीन जीवन के प्रवाह का उठायें क्योंकि मानव की तीन प्रमुख कामेन्द्रियाँ हैं और इन तीनों का आपसी सामंजस्य अति आवश्यक है। अर्थात जो मन में भाव उत्पन्न हो वही वाणी के माध्यम से बाहर आये और शारीरिकता के माध्यम से उसे सम्पन्नता प्राप्त हो। यदि इन तीनों में एक रूपता का अभाव है तब निश्चित ही असात्म का उदय होकर मानसिक द्वन्द्व में वृद्धि होगी और संतुलन नष्ट हो जाएगा। मन को प्रधान कामेन्द्रिय माना गया है। इस का विषय सोच विचार चिंतन है। वाणी मनुष्य का भूषण है जिसके द्वारा मनुष्य सुख दुःख का वरण करता है। शरीर के अंगों के माध्यम से सम्यक कर्म करना ही उचित है। हमारे ऋषियों ने जीवन के चार आश्रम निर्मित किये हैं– ब्रम्ह्चर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास। मानव वैदिक विधान का पालन कर ब्रम्ह्चर्य संयम से मानव ऊर्जा के भण्डार का संग्रह कर जैसे ही गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करता है संचयी ऊर्जा का प्रसन्नतापूर्वक व्यय कर यश कमाता है और कल्याणकारी कार्यों को करता हुआ यशस्वी होकर यौगिक मार्ग का अनुशरण कर वंश की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हुआ इस आश्रम से निवृति पाकर परिवार, देश, जाति के मार्गदर्शक रूप में मोह का त्यागकर वानप्रस्थ आश्रम का निर्वहन करता हुआ जीवन के अन्तिम आश्रम सन्यास का वरणकर हरि ऊँ नारायण के दर्शन प्रत्येक पदार्थ के कण में करने लगता है। इस प्रकार धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारों पुरूषार्थों का भरपूर उपयोग कर अपने आप को परमात्मा को समर्पित कर देना ही जीवन का परम सत्य है तथा जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर जीवन के महत्व को समझते हैं।

स्वास्थ्य का सामान्य ज्ञान :– स्वास्थ्य मनुष्य का जन्म सिद्ध अधिकार है। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। हमारे प्राचीन पूर्वजों ने स्वस्थ उसे माना जिसके दोष, धातु, मन समअवस्था में रहे ऐसे मानव की आत्मा मन इन्द्रियां सदैव प्रसन्न रहती हैं। अर्थात जो निरोगी हैं। लेकिन इस की प्राप्ति उत्तम आचरण वाले को प्राप्त होती है। हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जो व्यवहार स्वयं को बुरा

लगता हो वह दूसरों के प्रति कदापि नहीं अपनाना चाहिए ऐसा दृढ़ निश्चयी व्यक्ति सदाचारी होता है तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से हमेशा समृद्ध रहता है। शरीर, मन, वाणी से किसी को किसी प्रकार की पीड़ा नहीं पहुंचानी चाहिए और न ही घृणा करनी चाहिए। माता–पिता व गुरूजनों की सदैव आज्ञा पालन करते हुए सेवा करनी चाहिए साथ ही अशुभ चाहने वालों की भी आपत्ति में सहायता करनी चाहिए। प्रतिकूल व अनुकूल स्थिति में सहजवृति युक्त रहना चाहिए। आवश्यक कार्य को मन लगाकर समय पर करना एवं मादक दृश्यों से अलग रहना इनका विचार तक न करना सदा उत्तम स्वास्थ्य के लिए आहार, निद्रा एवं मैथुन ये तीनों की आवश्यकता रहती है तथा आचार के अधीन प्रातः निद्रा त्याग कर शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर उचित बाल भास्कर का अभिवादन करना चाहिए। सूर्य उदय के चार घड़ी पूर्व के समय को हमारे पूर्वजों ने ब्रह्ममुहूर्त अर्थात सबसे उत्तम समय माना है। प्रकृति के नियमों का पालन करने वाले पशु–पक्षी नवजात शिशु निद्रा का त्यागकर चंचल होने से यह सिद्ध है कि निरोगी रहने के लिए यह उत्तम समय है और इस के सकारात्मक परिणाम स्वास्थ्य प्राप्त कर अनुभव प्राप्त किये जा सकते हैं। चेहरे पर तेज शरीर अतिरिक्त ऊर्जावान और मन अपूर्व आनन्द का अनुभव करता है। प्रातः की बेला में ठण्डा जलपान करना चाहिए। ठण्डे जलपान को यदि नासिका के माध्यम से ग्रहण किया जाये तब बुद्धि में प्रखरता, नेत्र ज्योति वृद्धि और असमय हुए स्वेत वाला पुनः काले होने लगते हैं एवं असमय शरीर में झुर्रियां न पड़कर साधक सदैव यौवनानुभूति करता है। जलपान कर शौचादि क्रिया करना चाहिए तथा इस के पश्चात उत्तम स्वास्थ्य के लिए भ्रमण भी आवश्यक है। इससे प्रातः की शुद्ध वायु का सेवन श्वसन मार्ग के अलावा शरीर के रोम कूपों के माध्यम से शरीर को मिलता है। इसके बाद प्रकृति द्वारा अनुमोदित फल तथा उनका रस, जूस या जीवित अल्प मात्रा में आहार लेना चाहिए। पश्चात आवंटित श्रम करना चाहिए। स्वास्थ्य के लिए श्रम उतना ही आवश्यक है जितना शरीर के लिए आहार और उतनी ही आवश्यक स्वच्छता है। फिर चाहे वह शरीर से सम्बन्धित हो या स्थान से सम्बन्धित हो या मन बुद्धि चित्त से सम्बन्धित हो। स्वस्थ मनुष्य की निधि है और इस को प्राप्त कर वह अपने जीवन के सम्पूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति हेतु क्रियाशील रहता है। हमेशा मनुष्य सुख की कामना करता है और स्वास्थ्य से सुख की प्राप्ति संभव है। लोकोक्ति भी है–''पहला सुख है निरोगी काया'' क्योंकि रोगी व्यक्ति न ही रसों का स्वादन कर सकता है और न ही उसे इन्द्रिय सुख की प्राप्ति ही होती है और न ही चारों पुरूषार्थों में से एक की भी प्राप्ति वह कर सकता है अर्थात कामनाहीन जीवन यापन करता है और अस्वस्थ मनुष्य को मोक्ष भी नहीं मिलता है जबकि मनुष्य जीवन भर स्वास्थ्य की कामना तो करता है पर आचरण नहीं करता। जबकि निरोगी शरीर की प्राप्ति हेतु इच्छा रखता है। ऐसे मनुष्यों को स्वास्थ्य संरक्षण व संवर्धन का ज्ञान होना आवश्यक है। जिनमें स्वास्थ्य के निर्धारण तत्वों का ज्ञान रोगों की जानकारी रोगों के कारण तथा उनके शरीर पर दिखने वाले लक्षण तथा उपचारित तत्वों का सामान्य ज्ञान यह सत्य है कि मनुष्य को आहारीय पदार्थों का ज्ञान उसे तैयार करने का समय स्थान तथा आहारीय पदार्थों को ग्रहण करने का तरीका व मात्रा तथा हम के साथ आहारीय प्रणाली का सामान्य ज्ञान और उन अंगों द्वारा पाचन में सहयोग की जानकारी महसूस करना। आहार के पाचन में व्यवस्था और अव्यवस्था का ज्ञान वरूण ऋतु अनुसार आहार का ज्ञान विहार की व्यवस्था का ज्ञान होने से ही मानव स्वस्थ रह सकता है। पक्षियों की आहार ही औषधि है। इस ज्ञान की विद्यार्थी सामान्य जन साधक, शिक्षक।

जीवनचर्या :– मानव जीवन अमूल्य है। इसे प्राप्त कर व्यर्थ नहीं गंवाना है। इस जीवन का अर्थ ही यह है कि आप कौन हैं? यहां क्यों आये हैं? इसका उद्देश्य क्या है इसे जानना है और इसे जानने के लिए ऋषियों के निर्मित मार्ग पर चलना होगा। जीवनचर्या की सार्थकता के लिए शारीरिक व मानसिक तथा सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वच्छता को अपनाना अति आवश्यक है। जिस तरह योजन विश्राम ब्रम्हचर्य यह त्रय स्तम्भों से स्वास्थ्य लाभ होता है। लेकिन उसकी परिपुष्टता के लिए व्यायाम भी आवश्यक है। साथ ही स्वच्छता के नियमों के पालन से उसकी सुरक्षा होती है। इसलिए स्वास्थ्य साधनों में स्वच्छता का अपरिहार्य महत्व है। इसलिए मानव को स्वच्छता अपने अधिक से अधिक व्यवहार में लाना चाहिए। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। ऋषियों का कहना था कि समस्त कलेशों की मूल प्रसापराध है और यह प्रशापवाध मानसिक अस्वस्थता की वजह से ही होता है। क्योंकि मन के स्वस्थ रहने से बुद्धि में विकृति उत्पन्न ही नहीं हो सकती। चित्त का दोष रहित होना ही मानसिक स्वस्थता है। अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मात्सर्य आदि विकारों से मन विकृत न हो और ऐसा होने से मनुष्य चरित्र का धनी

आदर्शवान प्रतिष्ठित सम्पन्न और जीवन की हर दशा में यशस्वी होता है। मानसिक स्वस्थता के लिए हमारे समाज के प्राचीन विधान जैसे संध्या वंदन, अग्निहोत्र, ध्यान, जप, साधना, स्वाध्याय आदि क्रियाओं से मानसिक स्वच्छता के साथ ही मनःस्थिति दृढ़ होती है। संध्या वंदन करने से मनुष्य का मानसिक विश्वास जागृत होता है। साथ ही धैर्य एवं संयम की भावना का उदय होता है और अग्निहोत्र के वातावरण में स्वच्छता आती है। अर्थात वह शुद्ध होता है।

संदर्भित ग्रंथ :–

रामचरित मानस	–	गीता प्रेस, गोरखपुर
हठ प्रदोषिका	–	स्वा0 सत्यानन्द
घेरेण्य संहिता	–	स्वा0 निरंजनानन्द
यजुर्वेद	–	गायत्री शक्ति पीठ हरिद्वार
भारतीय दर्शन	–	प्रो0 हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

ग्लोबल वार्मिंग (Global Warming) का कृषि पर प्रभाव

रामअवध सिंह यादव
डॉ0 उमारतन यादव एसोसिएट प्रोफेसर, बुन्देलखण्ड डिग्री कॉलेज झाँसी (U.P.)

प्रस्तावना : ग्लोबल वार्मिंग से तात्पर्य वैश्विक औसत तापमान में हुई वृद्धि से है। पिछले कुछ दशकों में पृथ्वी और इसके वायुमण्डल का तापमान लगातार बढ़ रहा है। वैश्विक तापमान में इसी वृद्धि को 'ग्लोबल वार्मिंग ' की संज्ञा सर्वप्रथम ब्रिटिश पर्यावरणविद् 'वालेस ब्रोएकर ' ने 1970 के दशक में प्रदान किया था।

ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण पर्यावरण प्रदूषण के लिए उत्तरदायी ग्रीन हाउस गैसें तथा पर्यावरण प्रदूषण है। ग्रीन हाउस गैसें (जैसे – कार्बनडाई आक्साइड, क्लोरोफ्लोरो कार्बन, मिथेन, नाइट्रस आक्साइड तथा ओजोन) पृथ्वी से पार्थिव विकिरण के रूप में उत्सर्जित ऊष्मा को अनन्त वायुमण्डल में जाने से रोके रखती है जिसके कारण वायुमण्डल के औसत तापमान में वृद्धि हो जाती है। ज्ञातव्य है कि ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार सर्वप्रमुख गैस 'कार्बन डाइ आक्साइड' है। 1880 से पूर्व वायुमण्डल में CO_2 की मात्रा 280 PPM थी जो आज आईपीसीसी रिपोर्ट के अनुसार 379ppm हो गई है। CO_2 की वार्षिक वृद्धि दर गत वर्षों में (1995–2009) 1.9ppm वार्षिक है। आईपीसीसी ने भविष्यवाणी की है कि सन् 2100 आते–आते इसके तापमान में 1.1 से 6.4^{0}C तक बढ़ोत्तरी हो सकती है। सदी के अंत तक समुद्री जल–स्तर में 18 से 58 सेमी. तक वृद्धि की सम्भावना है।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण प्रकृति में बदलाव आ रहा है। कहीं भारी वर्षा तो कहीं सूखा, कहीं लू तो कहीं ठंड, कही बर्फ की चट्टानें टूट रहीं है तो कही समुद्री जल–स्तर में बढ़ोत्तरी हो रही हैं। आज जिस गति से ग्लेसियर पिघल रहे हैं। इससे भारत और पड़ोसी देशों को खतरा बढ़ सकता है। ग्लोबल वार्मिंग से फसल चक्र भी अनियमित हो जायेगा, इससे कृषि उत्पादकता भी प्रभावित होगी। मनुष्यों के साथ–साथ पशु–पक्षी भी इस प्रदूषण का शिकार हो रहें हैं। ग्लोबल वार्मिंग पक्षियों के दैनिक क्रिया–कलाप और जीवन चक्र को प्रभावित करता है। यदि वर्तमान गति से पर्यावरण प्रदूषण जारी रहा तो आने वाले 75 वर्षों में पृथ्वी के तापमान में 03 – 06^{0}C की वृद्धि हो सकती है। जिससे बर्फ के पिघलने से समुद्री जलस्तर में 1 से 1.2 फीट तक की वृद्धि हो सकती है और मुम्बई, न्यूयार्क, पेरिस , लन्दन, मालदीव , हालैण्ड और बांग्लादेश जैसे देशों के अधिकांश भू–खण्ड समुद्र में जलमग्न हो सकते हैं। आईपीसीसी की रिपोर्ट में इस बात की चेतावनी दी गई है कि समस्त विश्व के पास ग्रीन हाउस उत्सर्जन कम करने के लिए मात्र 10 वर्ष का समय और है। यदि ऐसा नहीं होता है। तो समस्त विश्व को इसका परिणाम भुगतान पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग को 21 वीं शताब्दी का सबसे बड़ा खतरा बताया जा रहा है। यह खतरा तृतीय विश्वयुद्ध या किसी क्षुद्रग्रह (एस्टेरॉइड) के पृथ्वी से टकराने से भी बड़ा माना जा रहा है।

क्यों पैदा हुई ग्लोबल वार्मिंग की समस्याः–

ग्लोबल वार्मिंग वास्तव में 18 वीं सदी की औद्योगिक क्रांति का परिणाम है। इसका श्री गणेश 18 वीं सदी के अंत में यूरोप से हुआ था। 19 वी सदी के पूर्वार्द्ध में यह पूर्वी यूरोप से लेकर अमेरिका तक तेजी से फैल गया था। औद्योगीकरण की प्रक्रिया में जीवाश्म ईंधन के लगातार प्रयोग से वातावरण में कार्बन–डाइ–आक्सॉइड की मात्रा में निरंतर वृद्धि होती गयी। इसका सीधा परिणाम पृथ्वी की गर्माहट के रूप में आज हमारे सामने है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के तापमान में पिछली शताब्दी की अपेक्षा इस शताब्दी में 1.5^{o}C तक की वृद्धि हुई है। एक अन्य अनुमान के अनुसार वर्ष 2080 तक पृथ्वी के तापमान में 1 से 3.5 ^{o}C तक की वृद्धि की संभावना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के ताप में वृद्धि होना कोई बड़ी घटना नहीं है किन्तु ताप वृद्धि के साथ–साथ वातावरण में कार्बन–डाई–ऑक्साइड तथा अन्य गैसों की मात्रा में वृद्धि होना अधिक हानिकारण है। गैसों की इस वृद्धि से ही आज जलवायु में परिवर्तन के लक्षण दृष्टिगोचर हो रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार यदि यही स्थिति रही तो आगामी 100 वर्षो में ग्लेशियरों के पिघलने के कारण समुद्र के जलस्तर में 19 सेमी. से लेकर 95 सेमी. तक की वृद्धि हो सकती है। इसके परिणाम काफी भयावह हो सकते है।

आज से लगभग डेढ़ सौ वर्ष पूर्व तक ग्लोबल वार्मिंग कोई समस्या नही थी। वर्ष 1861 में पहली बार वैज्ञानिक टिडेल ने यह तथ्य उजागर किया कि

वायुमण्डल में जल वाष्प, कार्बनडाईआक्साइड, लम्बे तरंग दैर्घ्य के विकिरण को अवशोषित कर लेते है जिससे वातावरण अधिक गर्म हो जाता है। इसी क्रम में 1896 में स्वीडिश वैज्ञानिक आरहीनियस ने यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया कि कोयले के दहन से कार्बनडाईऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। इससे ग्रीन हाउस प्रभाव बढ़ता है तथा पृथ्वी के ताप में वृद्धि होती है। 1924 में अमेरिका के भौतिक विज्ञानी 'लोटका' ने अपने अध्ययन द्वारा प्रस्तुत ऑकड़ों के आधार पर अनुमान लगाया कि औद्योगिक गतिविधियों के कारण आगामी 500 वर्षों में पृथ्वी के वातावरण में कार्बनडाईऑक्साइड की मात्रा वर्तमान स्तर से दोगुनी हो जायेगी। 1949 में एक ब्रिटिश वैज्ञानिक ने बताया कि 1850 से 1940 के मध्य वातावरण में कार्बनडाईऑक्साइड की मात्रा में 10% तक की वृद्धि हुई है।

तालिका नं. 1
प्रमुख ग्रीन हाउस गैंस उत्सर्जक देश

क्रमांक	देश	ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन (प्रतिशत में)
1	चीन	20.09
2	अमेरिका	17.89
3	रूस	7.53
4	भारत	4.10
5	जापान	3.79
6	जर्मनी	2.56
7	ब्राजील	2.48
8	कनाडा	1.95
9	द.कोरिया	1.85
10	मैक्सिको	1.70

स्त्रोत – EU EDGAR DATABASE

कृषि पर प्रभाव : वर्तमान विश्व के बढ़ते औद्योगीकरण एवं वाहनों की संख्या से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में इजाफा हुआ है। बढ़ती ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से वैश्विक तापमान में वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाओं ने समस्त विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वर्ष 2016 अब तक का सर्वाधिक गर्म वर्ष रिकार्ड किया गया है। गर्माती धरती का सबसे ज्यादा प्रभाव कृषि पर पड़ रहा है। भारत के संदर्भ में यह चेतावनी इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला कृषि है। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेग में दिसम्बर, 2009 में आयोजित सम्मेलन में ग्लोबल क्लोइमेट रिस्क इन्डेक्स 2010 द्वारा जारी सूची में भारत उन प्रथम 10 देशों में है जो जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

एक अध्ययन के अनुसार, सन् 2050 तक शीतकाल का तापमान लगभग 3 से 4 ^{o}C तक बढ़ सकता है। इससे मानसूनी वर्षा में 10 से 20 प्रतिशत तक कमी होने का अनुमान है। वर्षा की मात्रा में परिवर्तन होने से फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जलवायु में होने वाला परिवर्तन हमारी राष्ट्रीय आय को प्रभावित कर रहा है। राष्ट्रीय आय में कृषि का हिस्सा पिछले 5 सालों में 2 प्रतिशत तक कम हुआ है। 2009 का वर्ष हमारे लिए चेतावनी भरा वर्ष रहा है। इस वर्ष 23 से 25 प्रतिशत तक वर्षा कम हुई। जिससे देश के बहुत से भागों में खड़ी फसले सूख गई जिससे न केवल खाद्यान्नों का उत्पादन कम हुआ बल्कि उनकी कीमतों में भी तेजी से वृद्धि हुई।

कोपेनहेग में आयोजित सम्मेलन में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन के पड़ने वाले प्रभावों के बारे में कहा कि इससे लगभग 64% लोगों पर प्रभाव पड़ेगा जिनके जीवनयापन का साधन कृषि है और सबसे बड़ा डर खाद्य सुरक्षा को लेकर है। कृषि एवं जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है जिनकी

कुल आय का लगभग 60% हिस्सा अन्न, जल एवं स्वास्थ्य संबंधित मदों पर खर्च होता है। ऐसा अनुमान है कि सूखे के कारण खरीफ के मुख्य फसलों चावल व दलहन तथा तिलहन में 20% तक कमी हो सकती है। देश के खाद्यान्नों में 5 प्रतिशत कमी की संभावना G.D.P. को एक प्रतिशत तक प्रभावित करेगी। प्रो. स्वामीनाथन ने कहा है कि तापमान में $10^{O}C$ की वृद्धि से भारत में 70 लाखटन गेहूँ के उत्पादन में कमी आयेगी। एक अध्ययन के अनुसार यदि तापमान में 1 से 4 ^{O}C तक वृद्धि होती है तो खाद्य पदार्थों के उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। भारत में चावल के उत्पादन में तापमान बढ़ने से 2020 तक 5 से 6 प्रतिशत, आलू के उत्पादन में 2020 तक तीन प्रतिशत की कमी होने का अनुमान है। जबकि जनसंख्या बढ़ने से सभी खाद्य पदार्थो की मांग में वृद्धि होगी। परिणाम स्वरूप खाद्य संकट हमारे सामने एक भयंकर समस्या होगी। जलवायु परिवर्तन से न केवल फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता प्रभावित होगी बल्कि उनकी गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। फल एवं सब्जियों वाली फसलों में फूल तो खिलेंगे लेकिन उसके फल या तो बहुत कम बनेगें या उनकी गुणवत्ता प्रभावित होगी। तापमान वृद्धि से समूक्त्व का जल स्तर बढ़ जायेगा जिससे तटीय इलाकों में रहने वाले करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। जल स्तर बढ़ने से लोगों के खेतों एवं घरों को समुद्र निगल जायेगा, भूमि लवणीय हो जायेगी और कृषि क्षेत्र में कमी होगी। तापमान बढ़ने से हिमनद तेजी से द्रवीभूत होंगे, वर्षा एवं जलवायु के पैटर्न मे तेजी से बदलाव आयेगा, जिसका प्रभाव कृषि उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणवत्ता पर पड़ना स्वाभावितक है।

तालिका न0 2

जलवायु परिवर्तन के आगामी वर्षो में होने वाली तापमान वृद्धि एवं वर्षा में परिवर्तन के अनुमान का विवरण

वर्षा	मौसम	तापमान वृद्धि डिग्री. से.		वर्षा में परिवर्तन प्रतिशत	
		न्यूनतम	उच्चतम	न्यूनतम	उच्चतम
2020	रबी	1.08	1.54	–1.95	4.36
	खरीफ	0.87	1.12	1.81	5.10
2050	रबी	2.54	3.18	–9.22	3.82
	खरीफ	1.81	2.37	7.18	10.52
2080	रबी	4.14	6.31	–24.83	4.50
	खरीफ	2.91	4.62	10.10	15.18

स्त्रोतः– EU Edgar database

तालिका न0 2 का अवलोकन करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि आगामी वर्षो में पृथ्वी के तापमान में लगातार वृद्धि होगी जिसका प्रभाव कृषि के प्रत्येक भागों पर पड़ना स्वाभाविक है।

1. फसलों पर प्रभावः– अध्ययनों के आधार पर कृषि वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्रत्येक 10 ^{O}C तापमान बढ़ने पर गेंहू का उत्पादन 4–5 करोड़ टन कम होता जायेगा। इसी प्रकार 20 ^{O}C तापमान बढ़ने से धान का उत्पादन 0.75 टन प्रति हेक्टेयर कम हो जायेगा, जलवायु परिवर्तन से फसलों की उत्पादकता ही प्रभावित नही होगी वरन् उसकी गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अनाज में पोषक तत्वों एवं प्रोटीन की कमी होगी जिसके कारण संतुलित भोजन लेने पर भी मनुष्यों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

2. मिट्टी पर प्रभावः– तापमान बढ़ने से मृदा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। मृदा में लवणता बढ़ेगी, जैव विविधता घटेगीं। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बारम्बारता बढ़ने से मृदा का क्षरण होगा। वहीं दूसरी ओर सूखा के कारण भूमि बंजर होती जायेगी।

3. कीट एवं रोगों पर प्रभावः– जलवायु परिवर्तन होने से कीट व रोगों की मात्रा बढ़ेगी क्योंकि गर्म जलवायु कीट–पतंगों के प्रजनन के लिए अनुकूल होती है। कीटों एवं रोगों में वृद्धि के साथ ही उनके नियंत्रण हेतु अत्यधिक कीटनाशकों का प्रयोग किया जायेगा जो

जानवरों व मनुष्यों में अनेक प्रकार की बीमारियों को जन्म देगा।

4. जल संसाधनों पर प्रभावः– ग्लोबल वार्मिंग का सबसे अधिक प्रभाव जल के स्त्रोतों पर पड़ेगा। जल उपलब्धता की भयंकर समस्या उत्पन्न होगी तथा सूखे एवं बाढ़ की बारम्बारता में वृद्धि होगी। अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में शुष्क मौसम अधिक लम्बा होगा जिससे फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वर्षा की अनिश्चितता भी फसलों के उत्पादन को प्रभावित करेगी तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन से जल स्त्रोतों पर संकट के बादल मंडराने लगेगे। अधिक तापमान और वर्षा की कमी से सिंचाई हेतु भू–जल संसाधनों का अधिक दोहन किया जायेगा। जिससे धीरे–धीरे भू–जल इतना ज्यादा नीचे चला जायेगा कि उसका दोहन करना आर्थिक दृष्टि से अलाभकारी सिद्ध होगा। उदाहरण–के तौर पर उत्तर प्रदेश, पंजाब एवं हरियाणा जैसे राज्यों के कुछ भागों में भू–जल स्तर क्रिटिकल प्वाइंट तक पहुँच गया है।

जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक पहल :

जलवायु परिवर्तन सम्मेलन – द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चर्चाएँ प्रारम्भ हुई। 1972 में स्वीटन की राजधानी स्टॉक होम में पहला सम्मेलन आयोजित किया गया। तय हुआ कि प्रत्येक देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए घरेलू नियम बनायेगा, इस आशय की पुष्टि हेतु 1972 में ही संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन किया गया तथा नौरोबी को इसका मुख्यालय बनाया गया। इस सम्मेलन में ही 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस' घोषित किया गया। इस सम्मेलन में पर्यावरण संकट को दूर करने हेतु 25 सूत्री घोषणा पत्र तैयार किया गया।

वियना सभा–ओजोन परत के संरक्षण हेतु 1985 में वियना (आस्ट्रिया) में वियना कन्वैशन हुई थी, जो ओजोन क्षरण पदार्थो (ODS) पर सम्पन्न प्रथम सार्थक प्रयास था। पुनः 1995 में सम्पन्न वियना सभा में ओजोन रिक्तिकारक पदार्थों पर एक समझौता हुआ। इस सभा में ओजोन परत के बढ़ते रिक्तिकरण को कम करने के लिए तीन 'ओ.डी.एस.' पदार्थों 'सी.एफ.सी.' , एच.सी. एफ.सी. और मिथाइल ब्रोमाइड की कटौती पर शर्तें तय की गयी।

मॉट्रियल समझौता (1987) :

यह प्रोटोकॉल, ओजोन परत को क्षीण करने वाले पदार्थों के बारे में अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो ओजोन परत को संरक्षित करने के लिए चरणबद्ध ढंग से उन पदार्थों का उत्सर्जन रोकने के लिए बनाई गयी है, जिन्हें ओजोन परत को क्षीण करने के लिए उत्तरदायी माना जाता है, यह संधि हस्ताक्षर के लिए 16 सितम्बर 1987 को खोला गया था और 1 जनवरी 1989 में प्रभावी हो गयी, जिसके बाद इसकी पहली बैठक 1989 में हेलसिंकी , में हुई। ओजोन परत के क्षय को रोकने वाले, ओजोन अनुकूल उत्पादों और जागरूकता बढ़ाने के लिए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल विषयों के कार्यान्वयन के महत्व का उल्लेख करते हुए ओजोन परत के संरक्षण के लिए 16 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस घोषित किया गया।

पृथ्वी शिखर सम्मेलन (1992) :–

स्टॉकहोम सम्मेलन की 20 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने ब्राजील की राजधानी, रियो–डी–जेनेरिओ में पर्यावरण और विकास सम्मेलन आयोजित किया। इसे 'अर्थ सम्मिट (EARTH SUMMIT) या 'प्रथम पृथ्वी शिखर सम्मेलन' भी कहा जाता है। इसमें सम्मिलित देशों ने 'टिकाऊ विकास के लिए व्यापक कार्यवाही योजना' एजेंडा 21' स्वीकार किया। इस सम्मेलन में वैश्विक सुरक्षा कोष बनाया गया, जो ग्लोबल वार्मिंग को रोकने, जैव विविधता के संरक्षण एवं अन्तर्राष्ट्रीय जल संसाधनों के प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग देगा। 'रियो–डि–जेनेरियो' में यह निर्धारित किया गया कि सदस्य राष्ट्र प्रत्येक वर्ष एक सम्मेलन में एकत्रित होगे। तथा जलवायु संबंधी चिंताओं और कार्यक्रमों पर चर्चा करेगें। इस सम्मेलन को कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कोप) की संज्ञा प्रदान किया गया। वर्ष 1995 में पहला 'कोप सम्मेलन' आयोजित किया गया। वर्ष 1995 से 2017 तक कुल 23 कॉन्फ्रेन्स ऑफ पार्टीज (कोप) आयोजित किये गये।

रियो 20 घोषण पत्रः द फ्यूचर वी वांट :

'संयुक्त राष्ट्र सतत विकास सम्मेलन ''रियो20' का आयोजन ब्राजील के रियो–डी–जेनेरियों में 20–22 जून 2012 को आयोजित हुआ। चूंकि इस सम्मेलन का आयोजन रियो में वर्ष 1992 में आयोजित पृथ्वी सम्मेलन के 20 वर्ष बाद किया गया था, इस लिए इसका नाम 'रियो20 ' रखा गया था। रियो20 सम्मेलन के बाद विश्व के नेताओं द्वारा एक संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति व्यक्त की गई जिसे 'द फ्यूचर वी वांट' नामक शीर्षक से जारी किया गया। इस सम्मेलन में विश्व के प्रमुख नेता दो महत्वपूर्ण मांगों पर सहमत हुए। उनमें से

एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, जबकि दूसरा वित्त से जुड़ा हुआ है। यह रियों सम्मेलन में भारत की सफलता के रूप में देखा गया, क्योंकि ये दोनों प्रस्ताव भारतीय थे तथा इसे समूह 77 देशों का जोरदार समर्थन मिला।

क्योटो प्रोटोकॉलः–

संयुक्त राष्ट्र की पहल पर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए 1992 में 'यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) अस्तित्व में आय। यह एक कानूनी बाध्यकारी समझौता है। इसके अंतरगत विकसित देशों के लिए उत्सर्जन में कटौती की सीमा तय की गई। क्योटो प्रोटोकॉल का अंतिम उद्देश्य ऐसी हर मानवीय गतिविधियों पर रोक लगाना है जिससे पर्यावरण के लिए खतरा पैदा होता है। प्रोटोकॉल के अनुसार विकसित देशों को 6 ग्रीन हाउस 'गैसो (CO_2, मिथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, सल्फर हेक्साफ्लोराइड, हाइड्रोफ्लोरोकार्बन व परफ्लूरोकार्बन) के उत्सर्जन में कम से कम 5 प्रतिशत की कमी करनी होगी। भारत ने अगस्त 2002 में क्यूटों प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये और उसका अनुमोदन किया। इस प्रोटोकॉल में विकासशील देशों को शर्तों में कुछ छूट दी गई है जिससे भारत को ग्रीन टेक्नोलॉजी हस्तांतरण एवं विदेशी निवेश तथा कार्बन व्यापार के क्षेत्र में फायदा हो सकता है।

जोहांसबर्ग पृथ्वी सम्मेलन :

सितम्बर, 2002 में जोहांसबर्ग (दक्षिणी अफ्रीका) में, दूसरे पृथ्वी सम्मेलन के नाम से चर्चित सतत् विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में 1992 में रियो–डी–जेनेरों में हुए पृथ्वी सम्मेलन में लिए गये निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की गयी।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनः–

ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन पर कटौती के मामले में विश्वव्यापी सहमति कायम करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान मे वैश्विक सम्मेलन इंडोनेशिया के बाली द्वीप में नासा दुआ (NASA DUA) में 13–14 दिसम्बर , 2007 को सम्पन्न हुआ।

23 वां जलवायु परिवर्तन सम्मेलन बॉन में संपन्न (COP–23) :

6–17 नवम्बर 2017 के मध्य जर्मनी के बॉन शहर में यूएनएफसीसीसी (UNFCCC) के 23 वें सम्मेलन (COP–23) का आयोजन हुआ।

सम्मेलन से संबंधित अन्य तथ्य–

1– यह सम्मेलन वर्ष 1992 के रियो सम्मेलन (पृथ्वी सम्मेलन) के बाद 23 वां (COP–23) तथा 2015 के पेरिस समझौते के बाद का द्वितीय भाग था।

2– सम्मेलन का मुख्य विषय 2020 तक जलवायु वित्त पोषण हेतु 100 बिलियन डॉलर का अनुदान देने का वादा एवं क्योटो प्रोटोकॉल की दूसरी प्रतिबद्धता अवधि को पर्याप्त देशों द्वारा स्वाकार नही किया जाना था।

3– अमीर देशों (विकसित देशो) द्वारा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करने की प्रतिबद्धताओं, कार्यवाइयो, वित्तीय सहायता, विभेदीकरण, नुकसान एवं क्षति से संबंधित मुद्दे कॉप–23 सम्मेलन के मुख्य मुद्दे थे।

4– सम्मेलन में कोयले के उत्सर्जन से कार्बन स्पेस पर कब्जा कर चुके विकसित देशों द्वारा गरीब एवं विकासशीन देशों को सहायता देने, का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कार्बन स्पेस जलवायु परिवर्तन पर अंतर –सरकारी पैनल के पांचवे आंकलन में निर्धारित उत्सर्जन का एक मानक है। जिसके तहत वर्तमान में वैश्विक तापमान औद्योगिक क्रांति से पहले के तापमान के मुकाबले 2% या इससे कम होना चाहिए।

कॉप –23 की कमियां :

- अमेरिका का पेरिस समझौते से दूर रहना।
- ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में वर्ष 2017 में हुई की वृद्धि जो अब तक कुछ स्थिर स्थिायी दे रही है।
- चीन का कार्बन उत्सर्जन पर ढुलमुल रवैया।
- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (Nationally determined contribution : NDC) को पूरा करने हेतु विकासशील देशों को विकसित देशों द्वारा मजबूत वित्तीय एवं तकनीकी सहायता पर सहमति न बन पाना।

ग्लोबल वार्मिंग रोकने के उपाय –

वैज्ञानिकों एवं पर्यावरणविदों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिए मुख्य रूप से सी.एफ. सी. गैसों का उत्सर्जन रोकना होगा और इसके लिए फ्रिज , एअर कंडीशनर और दूसरे कूलिंग मशीनों का इस्तेमाल कम करना होगा या ऐसे मशीनों का उपयोग करना होगा जिससे सी.एफ.सी. गैसे कम निकलती है।

औद्यागिक इकाइयों की चिमनियों से निकलने वाला धुआँ हानिकारक है और इससे निकलने वाला कार्बनडाई ऑक्साइड गर्मी बढ़ाता है। इन इकाइयों में प्रदूषण रोकने के उपाय करने होगे। वाहनों से निकलने वाले धुएँ का प्रभाव कम करने के लिए पर्यावरण मानकों का सख्ती से पालन करना होगा। उद्योगों खासकर रासायनिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे को फिर से उपयोग में लाने लायक बनाने की कोशिश करनी होगी और प्राथमिकता के आधार पर पेड़ों की कटाई रोकनी होगी। जंगलों के संरक्षण पर बल देना होगा। अक्षय ऊर्जा के उपयों पर ध्यान देना होगा यानि अगर कोयले से बनेने वाली बिजली के बदले पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पनबिजली पर ध्यान दिया जाय तो वातावरण को गर्म करने वाली गैसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है तथा साथ ही साथ जंगलों में आग लगने पर रोक लगानी होगी। चूंकि जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार सभी है तथा आपदाएं सभी को प्रभावित करेंगी, इसलिए सम्पूर्ण पृथ्वी की सुरक्षा हेतु विकसित देशों को अपने व्यक्तिगत लाभ–हानि की जगह मानवीय एवं नैतिकता का परिचय देते हुए विकासशील देशों को वित्तीय मदद मुहैया कराना चाहिए तथा सभी देशों को मिलकर इस वैश्विक समस्या का समाधान ढूंढ़ना चाहिए।

संदर्भ सूची –

- ✓ वार्षिक रिपोर्ट 2016–17, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय।
- ✓ योजना पत्रिका (2017–18)
- ✓ कुरूक्षेत्र पत्रिका (2017–18)
- ✓ India water portal
- ✓ Wikipedia
- ✓ Hindi-indiawaterportal-org
- ✓ https%//hi-m-wilipedia-org
- ✓ www-deepawali-co-in
- ✓ www-bbc-com
- ✓ khabar-ndtv-com
- ✓ shouttermouth-com
- ✓ प्रतियोगिता मासिका पत्रिका
- ✓ क्रानिकल मासिक पत्रिका
- ✓ घटना चक्र मासिक पत्रिका
- ✓ दैनिक जागरण समाचार पत्र
- ✓ हिन्दुस्तान समाचार पत्र

Bio-Fuel and clean Development Mechanism

Dr. Archana Muthye
Assistant Professor, GS College of Commerce and Economics, Jabalpur

As the population is increasing the economy is also growing, fossil fuels resources are limited.

In the market economy the price of energy supply such as Oil gas or Electricity is driven by the principle of demand and supply which can cause sudden change in price of energy, however in some cases the crisis might be influenced by the lack of free market.

Oil supply is largely controlled by the national Oil Companies of the Nation. World is heading towards a global Energy crisis due to a decline in the availability of cheap oil and recommendations to a decreasing dependency on fossil fuel. The reserves of fossil fuels are very limited and will last only for few years. From the last few decades the search of alternative sources of energy is being carried out by the scientists. The biggest environmental Story of last several years has been energy security and climate change. The main sources of renewable energy are as follow:

- Wind Energy
- Solar Energy
- Bio Diesel

As wind energy and Solar Energy have certain limitations, biodiesel energy has tremendous potential in India. Biodiesel is a renewable fuel made by chemical reaction of alcohol and vegetable oil or animal fat through the refinery process called Trans-esterification. Biodiesel can be used in any diesel engine in pure form or in blended form.

According to Kyoto Protocol all developing Nations have committed collectively to cut down their emission. Biodiesel cut down on targeted emission. Biodiesel used in 20-80 and a catalytic converter will cut air pollution by diesel operation in conventional engine.

No engine modifications are required and biodiesel maintains the payload capacity and range of diesel. Biodiesel is user friendly and the use of the biodiesel blend results in a noticeable change in exhaust odors, Since the biodiesel is oxygenated diesel engine have more complete combustion than petroleum fuel. The jatropha plant serves as a potential oil seed plant in India. It can be grown anywhere in all types of soil. The major oil seed plant jatropha is easier to grow. Jatropha is a Shrub and the plants grow to height of 8 to 10 feet and the life span is 40 years and it is not graced by cattle and can survive in extreme environment.

Benefits from Biodiesel Plants :

- Optimum Utilization of land
- Employment generation in targeted area
- Revenue generation through CDM

Climate change or global warming is one of the global environmental challenges of our time. the emission of greenhouse gases have contributed to climate change such as rising Global temperature, rising sea levels and extreme weather for Clean development mechanism we have to cut down the Carbon Emission.

CDM and Biofuel :

The Clean Development Mechanism is one of the three flexibility mechanisms under the Kyoto Protocol that regulate carbon trading. Under the Kyoto Protocol, countries have committed themselves to a reduction of greenhouse gas emissions.

The Clean Development Mechanism has two objectives: reducing carbon emissions and sustainable development through technology transfer. CDM allows industrialized countries to offset their excess carbon emissions by investing in

clean technology development in developing countries.

In order to calculate the project's emission reductions, a project has to adhere to a specific "methodology", which in CDM terminology refers to a set of rules and formulas on how to calculate the greenhouse gas emission reductions,

A carbon credit is a financial unit used to measure the reduction of greenhouse gas emissions (1 CER = 1 ton CO_2 reduction). CERs are generated through the implementation of clean technology projects in developing countries that reduce greenhouse gas emissions.

Growth in the use of liquid fossil fuels has led to substantial increases of CO2 emission. The international community has put in place measures to reduce gas emissions.

Establishing bio fuel plantations like Jatropha on degraded soils can be a feasible strategy provided that these soils are adequately suffering with specific problems (e.g., nutrient and water imbalance, , shallow rooting depth, drought stress, salinization, crusting) .

Bio-Fuel Production and Wasteland Development :

Ministry of Environment and Forests, Government of India described wasteland as, "degraded land which can be brought under vegetative cover, with little effort, and which is currently under-utilized, and land which is deteriorating for lack of appropriate water and soil management or on account of natural causes". Wastelands are those areas where production of biomass is less than optimum productivity. These lands are economically unproductive and logically unstable. The life supporting systems are under tremendous pressure. Waste land includes such type of land mass which cannot be used for agriculture and other cultivation practices. It amounts to (30-35) per cent of total landmass of India. The most .important natural resource, upon which all human activity is based since time immemorial, is land. However, considerably damages our land resource base. Further, land also suffers from various kinds of soil erosion, degradation and forestation. In India, there is an urgent need to reverse this trend and restore the wastelands to their production potential in order to meet the demands of increasing population and other developmental activities. The ministry of rural development had introduced a special scheme in 1994-95 offering grants and subsidies to all the parties involved landowners, farmers, corporate and financial institutions for the development of wasteland. Due to poor response, the scheme was discontinued in 2004.

Conclusion :

The promotion of biofuels as a clean fuel alternative has been a significant aspect of the global quest for clean development. However, the challenges of problematic food security and environmental concerns can not be overlooked

The Clean Development Mechanism is a very important part of producing biodiesel. It is applicable, to all stages of the production and utilization. The benefits, via tradable Carbon Credits, can be given to all the contributors to the effort of production as well as the users of biodiesel.

References :

[1] Energy Information Administration (EIA): Anural Energy Outlook 2006 – with projections to 2030. US Department of Energy, February 2006.

[2] http://www.mdpi.com